शनिवार

09 मार्च 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





पटना में राजद एमएलसी के ठिकानों पर छापा 2











महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को देशभर के शिवालयों में देवाधिदेव महादेव के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस बार बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु दर्शन को पहुंचे। जानकारी के अनुसार सुबह से लेकर दोपहर तक करीब 5 लाख 42 हजार 120 लोग महादेव के दरबार में पूजन करने पहुंचे। विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की लाइन करीब 3:30 किलोमीटर लंबी लग गई थी। बाबा का दर्शन करने के लिए पहुंचने वाले भक्त हरहर महादेव का नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा का विशेष रूप से श्रृंगार किया गया था। साथ ही पूरा मंदिर परिसर को जगमग रोशनी से नहाया हुआ था। वहीं पटना के खाजपुरा शिव मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने हिस्सा लिया। इस दौरान राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर ने आरती कर झांकियों का स्वागत किया।

## देशभर के लाखों परिवारों को मिली बड़ी राहत

# एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपए घटे

एजेंसी/नई दिल्ली

महंगाई से परेशान आम आदमी को राहत मिली है। गुरुवार को उज्जवला योजना में राहत के बाद अब सभी के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम कम करने का केंद्र सरकार ने फैसला लिया है। इसके तहत एलपीजी सिलेंडर 100 रुपये सस्ता हुआ है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम मोदी ने ट्विट करके इसकी जानकारी दी है। सरकार के इस कदम से देशभर के लाखों परिवारों का वित्तीय बोझ कम होगा। पीएम मोदी ने महिला दिवस के अवसर पर ट्विट करके कहा कि आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। पीएम उज्ज्वला योजना पर मिलने वाली सब्सिडी एक साल के लिए बढ़ा दी गई है। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलिंडर पर मिलने वाली सब्सिडी 31 मार्च 2025 तक मिलेगी। इस तरह से अगले एक वर्ष के दौरान योजना के तहत आने वाले परिवारों को 12 एलपीजी सिलेंडर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी के साथ मिलेगी।

एलपीजी सिलेंडर के दाम कम होने से आम आदमी को काफी राहत मिली है। देश में कुल 31 करोड़ 40 लाख एलपीजी कनेक्शन हैं। इनमें से 10 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी उज्जवला योजना के हैं। केंद्र सरकार ने देश के इन 10 करोड़ से ज्यादा गरीब परिवारों को सब्सिडी पर रसोई गैस सिलेंडर देने की पीएम उज्ज्वला योजना की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी है। वर्ष 2016 में लागू इस योजना की अवधि मार्च, 2024 में समाप्त हो रही थी। गुरुवार को पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की हुई बैठक में यह फैसला किया गया कि अब यह स्कीम 31 मार्च, 2025 तक जारी रहेगी। पेट्रोलियम मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि रसोई गैस की कीमतों में 100 रुपये की छूट का यह फैसला 8 मार्च की रात से लागू हो जाएगा। अगस्त से पहले तक राजधानी दिल्ली में 14.2 किलो का एलपीजी सिलेंडर 1103 रुपये में मिल रहा था, वहीं इसकी कीमत 903 रुपये हो गई है। अब 100 रुपये की राहत के बाद यह 803 रुपये का मिलेगा। कोलकाता में सिलेंडर 929 रुपये का था जो अब 829 रुपये का हो गया है। वहीं मुंबई में अभी तक यह सिलेंडर 902.50 रुपये का मिल रहा था जो अब 802.50 रुपये का हो गया है।



### एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने बताया जुमला

सरकार के फैसले पर एनसीपी (शरद पवार) सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि 'एलपीजी सिलेंडर पर 100 रुपये कम करने का फैसला राजनीतिक है और यह लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर लिया गया है। सुले ने कहा कि मैं इससे बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं। आप टाइमिंग देखिए। वह बीते 9 वर्षों से सत्ता में हैं, लेकिन उन्होंने पहले इस बारे में नहीं क्यों नहीं सोचा? जब चुनाव आ रहे हैं और अगले पांच-छह दिनों में इनका एलान हो जाएगा, तो ये एक जुमला है और ये बात सब जानते हैं। वहीं कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'महिला दिवस पर पीएम मोदी का जुमला: एलपीजी की कीमतों में 100 रुपये की कमी की गई है। थोड़ा पीछे जाएं तो 2014 में डॉ. मनमोहन सिंह ने सिलेंडर पर 600 रुपये की सब्सिडी दी और तब कीमत 641 रुपये थी।

# कोटा में निकली शिव बारात में करंट लगने से 15 बच्चे झुलसे

### धार्मिक झंडा के हाइटेंशन तार में छूने से हुआ हादसा

एजेंसी/कोटा

राजस्थान के कोटा शहर में महाशिवरात्रि पर निकाली जा रही शिव बारात के दौरान हादसा हो गया। हाइटेंशन तार की चपेट में आने से 15 बच्चे झुलस गए। एक बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। सभी बच्चों को एमबीबीएस अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसा कुन्हाड़ी थर्मल चौराहे के पास दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब हुआ। शिव बारात में कई बच्चे धार्मिक झंडे लेकर चल रहे थे। इस दौरान एक झंडा हाइटेंशन लाइन से टच हो गया। इससे यह हादसा हो गया।



घटना के बाद एकाएक अफरा-तफरी मच गई। जिसे जो मिला, उसे अस्पताल लेकर दौड़ा। तत्काल बच्चों को एमबीबीएस अस्पताल ले जाया गया। वहां एक बच्चे की स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही मेडिकल टीम को अलर्ट कर दिया गया है। घायल बच्चों के परिजनों ने अस्पताल पहुंचे आयोजकों की पिटाई कर दी है। आईजी रविदत्त गौड़ ने बताया एक बच्चा 70 प्रतिशत और एक 50 प्रतिशत झुलस गया है। शेष बच्चे 10 प्रतिशत तक झुलसे हैं। बच्चों की उम्र नौ से 16 साल बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और अन्य अधिकारी भी एमबीबीएस अस्पताल पहुंचे। बिरला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि घटना बेहद दुखद है। यह क्यों हुआ, इसकी जांच करवाई जाएगी। सभी लोग फिलहाल बच्चों के इलाज में लगे हुए हैं। एक बच्चा गंभीर है। रेफर करने की जरूरत पड़ेगी तो वह भी किया जाएगा। बच्चों को हरसंभव सर्वश्रेष्ठ इलाज मुहैया कराया जाएगा।

# लोकगायिका मैथिली ठाकुर, कथावाचक जया किशोरी समेत 23 लोगों को मिला राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार

एजेंसी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मंडपम में पहले 'राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार' प्रदान किए। भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कथा वाचक जया किशोरी को सामाजिक परिवर्तन के लिए सर्वश्रेष्ठ रचनाकार का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा सम्मानित होने वालों में पंखती पांडे भी शामिल हैं, जिन्हें 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में पुरस्कार मिला। इसके साथ ही कीर्तिका गोविंदासामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार, गायिका मैथिली ठाकुर को सांस्कृतिक राजदूत ऑफ द ईयर, गौरव चौधरी को टेक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ निमार्ता पसंदीदा यात्रा निमार्ता के लिए कामिया जानी को सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने एंड्रयू हिक्स को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार प्रदान किया। कामिया जानी को पसंदीदा ट्रैवल क्रिएटर पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंक्ति पांडे को फेवरेट ग्रीन चैंपियन पुरस्कार प्रदान किया। पीएम ने रणवीर अल्लाहबादिया को डिसरप्टर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया। कीर्तिका



गोविंदासामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार प्रदान किया गया। मल्हार कलांबे को स्वच्छता एंबेसडर पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जान्हवी सिंह को हेरिटेज फैशन आइकन अवॉर्ड प्रदान किया। इसके साथ ही श्रद्धा को सबसे रचनात्मक निमार्ता-महिला पुरस्कार प्रदान किया। वहीं सर्वाधिक रचनात्मक क्रिएटर-मेल पुरस्कार आरजे रौनक (बौआ) को प्रदान किया। बेस्ट क्रिएटर इन फूट कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ निमार्ता का पुरस्कार कबिता सिंह (कबिताज किचन) को दिया गया।

बता दें कि पहले दौर में 20 विभिन्न श्रेणियों में 1.5 लाख से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे, जिसके बाद वोटिंग राउंड किया गया था। अंत में तीन अंतरराष्ट्रीय रचनाकारों सहित 23 विजेताओं का चयन किया गया।

### महायोगी गोरखनाथ विवि में प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को सीएम ने दिया सिलाई मशीन

# सरकार की नीतियों और योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु: योगी

केटी न्यूज/गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही हैं, उनमें सर्वाधिक संख्या उन योजनाओं की है जिनका सीधा प्रभाव महिलाओं पर पड़ता था। सरकार और समाज के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सर्वोपरि होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी प्रतिबद्धता से महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी महिलाओं के सम्मान-स्वावलंबन के लिए सराहनीय योगदान दे रहा है।

सीएम योगी शुक्रवार शाम महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षु महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफ्त सिलाई मशीन वितरित करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री, इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य



में आयोजित इस कार्यक्रम में 221 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन वितरित की गई। नौ प्रशिक्षुओं को सिलाई मशीन सीएम योगी ने खुद अपने हाथों से प्रदान किए। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना भारत को सशक्त और समर्थ नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए सुरक्षा का वातावरण देकर महिलाओं के स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करना होगा।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने व्यक्ति, मत, मजहब या क्षेत्र को योजनाओं का आधार नहीं बनाया। बल्कि योजनाओं का आधार गांव, गरीब, किसान, महिलाओं को बनाया गया।उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मातृ वंदन सीधे महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी हैं तो शौचालय, उज्ज्वला, सौभाग्य और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं के केंद्र भी महिलाएं हैं क्योंकि यदि परिवार में अभाव होगा तो सबसे अधिक दिक्कत महिला को ही होती है। पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शिल्पियों के साथ ही महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ही तरह प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह जैसी योजनाएं चलाई हैं। छात्रों के साथ छात्राओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराकर उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है।

### महायोगी गोरखनाथ विवि रचनात्मक गतिविधियों का भी केंद्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर के आयोजन तथा मुफ्त सिलाई मशीन वितरण के इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय परंपरागत पाठ्यक्रमों के संचालन करने के साथ कई सामाजिक व रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। किसी भी संस्था की उपादेयता के लिए समाज के सापेक्ष बने रहना जरूरी है। यह विश्वविद्यालय इस जिम्मेदारी को पूरी तरह समझ और निभा रहा है। इस विश्वविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय, आयुर्वेद, नर्सिंग, पैरामेडिकल और फामेर्सी संकाय के विद्यार्थियों की तरफ से गांवों में स्वास्थ्य शिविर का लगाया जाना भी इसी सामाजिक भूमिका का अंग है।

**स्वावलंबन की राह दिखा रहा नए भारत का नया उत्तर प्रदेश:** मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आज महिलाओं समेत सभी लोगों को स्वावलंबन की राह दिखा रहा है। यहां किसानों को पराली और गोबर बेचकर कमाई करने का नया विकल्प दिया जा रहा है तो गोपालन के लिए सरकारी प्रोत्साहन भी। गाय पालने के लिए प्रति गाय पंद्रह सौ रुपये प्रतिमाह सरकार दे रही है। गाय पालिए, उसका दूध पीजिए और गोबर बेचकर आमदनी भी करिए।




## पटना स्थित आवास पर पहुंची आयकर टीम

# राजद एमएलसी के ठिकानों पर छापा

♦ कर चोरी से जुड़े मामले को लेकर टीम ने की जांच
♦ लालू प्रसाद के करीबी माने जाते हैं एमएलसी विनोद जायसवाल



**केटी न्यूज/पटना**

लालू यादव के करीबी माने जाने वाले राजद एमएलसी के घर इनकम टैक्स की रेड हुई है। फिलहाल यह मामला कर चोरी का बताया जा रहा है। इस रेड के बाद एक बार फिर से राजद की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, राजद एमएलसी विनोद जायसवाल के ठिकाने पर शुक्रवार की सुबह-सुबह आयकर विभाग की छापेमारी करने पहुंची। आयकर की टीम उनके पटना के बोरिंग स्थित आवास पर छापेमारी करने पहुंची है। यह छापेमारी कोलकाता से आई आईटी की टीम के तरफ से की गई। फिलहाल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह छापेमारी कर चोरी से जुड़े मामले में की गई है। राजद के विधान पार्षद शराब के कारोबार से भी जुड़े हुए हैं।

जानकारी हो कि, दो दिन पहले ही आरजेडी एमएलसी विनोद जायसवाल ने शराबबंदी का विरोध करते हुए कहा था कि - जब से शराबबंदी लागू हुई है तब से हजारों करोड़ रुपये बिहार सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है। इसलिए इस शराबबंदी को तत्काल खत्म कर बिहार में शराब खोल देना चाहिए। बिहार के हित मे शराबबंदी खत्म होनी चाहिए। वहीं, जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि अभी दो माह पहले तो नितीश कुमार से साथ राजद की सरकार चल रही थी, तब आपने यह मांग क्यों नहीं उठायी, तब विनोद जायसवाल ने कहा कि सभी पार्टियां चाहती हैं कि बिहार में शराबबंदी खत्म हो, लेकिन नीतीश कुमार जिद्दी है, उनके जिद की वजह से अभी तक शराबबंदी लागू है। जिसमें हजारों गरीब तबके के लोग जेलों में बंद है और बिहार सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## बिहार में एमएलसी पद के लिए महागठबंधन के पांच उम्मीदवार

♦ राजद से पूर्व सीएम राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर और सैयद फैसल अली व भाकपा (माले) के शशि यादव को बनाया गया प्रत्याशी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधान परिषद की खाली होने वाली 11 सीटों के होने वाले चुनाव में महागठबंधन की ओर से पांच उम्मीदवार उतारे गए हैं। इनमें राजद के चार और भाकपा-माले के एक उम्मीदवार हैं, जबकि महागठबंधन में शामिल कांग्रेस को स्थान नहीं मिला। द्विवार्षिक विधान परिषद 2024 चुनाव के लिए महागठबंधन की ओर से राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने शुक्रवार को प्रत्याशियों की सूची जारी की। सूची में राजद की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर और सैयद फैसल अली को प्रत्याशी बनाया गया है। महागठबंधन ने अपना पांचवां प्रत्याशी भाकपा (माले) के शशि यादव को बनाया है।

बिहार में विधान परिषद की रिक्त होने वाली 11 सीटों पर चुनाव होना है, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। 21 मार्च को इन सीटों के लिए मतदान होगा। सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है। विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने वाला है, उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, संजय झा, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा के शाहनवाज हुसैन, कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन, भाजपा नेता मंगल पांडेय, राजद नेता रामचंद्र पूर्वे, जदयू नेता खालिद अनवर, रामेश्वर महतो और भाजपा नेता संजय पासवान शामिल हैं।

विधान परिषद का ये चुनाव विधायकों के वोट से होने वाला है। विधानसभा में तकनीकी तौर पर कांग्रेस के 19 विधायक हैं। एक विधान पार्षद चुने जाने के लिए 21 विधायकों की जरूरत है। इसमें से 19 विधायक रहने के बावजूद कांग्रेस को विधान परिषद में मौका नहीं मिला। दरअसल राज्यसभा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह को मौका दिये जाने के कारण कांग्रेस को विधान परिषद की सीट गंवानी पड़ी। 12 विधायकों वाले माले को मौका मिला है. पहली दफे माले का कोई विधान पार्षद चुना जायेगा। माले ने शशि यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## नित्यानंद राय बने भगवान शिव के सारथी



**केटी न्यूज/हाजीपुर**

महाशिवरात्रि के मौके पर बैलगाड़ी पर सवार होकर शिवजी की बारात में शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय निकले। इस मौके पर नित्यानंद राय ने पातालेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। वहीं, मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि महादेव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आशीर्वाद बनाए रखें। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरु बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी भगवान शिव के भक्त हैं। सभी के जीवन में खुशहाली हमेशा बनी रहे। महाशिवरात्रि के मौके पर हाजीपुर में बटेश्वर नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर कर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय बैलगाड़ी पर सवार होकर शिवजी की बारात में शामिल हुए और पूरे शहर में भ्रमण किया। इस दौरान कई झांकियां निकाली गई। बाद में मंत्री नित्यानंद राय ने सभी झांकियों को सम्मानित किया। वहीं, इस दौरान नित्यानंद राय ने कलाकारों को मंच पर बुलाकर देश भक्ति गीत गाने को कहा। इसके बाद कलाकारों ने कई देश भक्ति गीतों के प्रस्तुती की।




## देश में सबसे अधिक राहुल गांधी को विकसित होने की जरूरत: सम्राट

**केटी न्यूज/पटना**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने वाले हैं। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची को अंतिम रूप देने के लिए गुरुवार को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में कांग्रेस सांसद के वायनाड से चुनाव लड़ने पर मुहर लगी है। ऐसे में अब इसको लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जोरदार हमला बोला है। सम्राट चौधरी ने कहा कि - राहुल गांधी कहीं से चुनाव लड़ें कोई फायदा नहीं होने वाला है। इस देश में यदि सबसे अधिक किसी को विकसित होने की जरूरत है तो वह राहुल गांधी है। कांग्रेस पार्टी अपनी चौथी पीढ़ी को लेकर खड़ी है। इनकी चौथी पीढ़ी को जनता ने अस्वीकार किया है, ये



चौथी जनरेशन की राजनीति कर रहे हैं। मालूम हो कि, बुधवार को नई दिल्ली में हुई एक अहम बैठक के बाद लौटे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बुधवार को बताया कि राहुल गांधी ही अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार होंगे जिसकी घोषणा शीघ्र हो जायेगी। सिंघल ने बताया कि चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गयी हैं, कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाने की तैयारी कर रहे हैं।राहुल गांधी 2002 से 2019 तक अमेठी से सांसद रहे। वह 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता स्मृति ईरानी से चुनाव हार गये थे।

## मोतिहारी में एक घर में आग लगने के बाद ब्लास्ट, सामान जलकर खाक

**केटी न्यूज/पटना**

मोतिहारी के एक घर में अचानक आग लग गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, तब तक बड़ा विस्फोट हो गया। उसके बाद सभी लोग डरकर आग बुझाना तो दूर, वहां से फरार हो गए। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची छह फायर ब्रिगेड की गाड़ी तीन घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाई, तब तक घर में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत की बात रही कि इस आगजनी में किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना छौड़ादानो थाना क्षेत्र के दुहो सहो फतुआ गांव की है।

घटना में संबंध में बताया जा रहा है कि दुहो सहो फतुआ गांव निवासी जगत साह के घर में रसोई गैस रिसाव के कारण आग पकड़ लिया। गैस में आग लगने के बाद आग काफी तेजी से घर में फैल गई। आग का धुआं देख ग्रामीण आग बुझाने के लिए जब पहुंचे तो एक जोरदार ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद वहां से सभी आग बुझाना छोड़कर भागने लगे। बताया जा रहा है कि जगत साह घर से डीजल और पेट्रोल का अवैध कार्य करता है। वह घर में डीजल और पेट्रोल रखा था, जिससे कारण आग और तेजी से फैल गई। विस्फोट के बाद आग ने पड़ोसी मो. कमरुल्लाह के घर को भी अपने चपेट में ले लिया। बढ़ते आग की लपट को देख ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दिया, जिसके बाद मोतिहारी रक्सौल और छोड़ादानो से छह फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई। तीन घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस आगजनी में दोनों के घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया है। वहीं, घटना के बाद जगत साह घर से फरार बताया जा रहा है।

## जमीन के विवाद में अधेड़ की हत्या

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले में बैकुंठपुर थाने के महुआ गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में धारदार हथियार से 55 वर्षीय अधेड़ चंद्रमा सिंह की हत्या कर दी गई। चंद्रमा सिंह का जमीन विवाद पिछले कई वर्षों से ध्रुप सिंह के परिजनों के साथ चल रहा था। वर्षों पुरानी रंजिश के दौरान कई बार मारपीट हो चुकी थी।

## बालू माफियाओं ने सड़क निर्माण कंपनी के कर्मियों को पीटा

**बिक्रमगंज।** रोहतास जिले के बिक्रमगंज में बालू माफियाओं ने सड़क निर्माण कंपनी के कर्मियों की पिटाई कर दी, जिसके विरोध में सड़क निर्माण कर्मियों ने बिक्रमगंज चौक पर दो घंटे से अधिक तक सड़क जाम रखा। पीड़ित सड़क निर्माण कंपनी के कर्मियों का कहना है कि बिक्रमगंज में सड़क निर्माण कार्य जारी है। लेकिन निर्माण स्थल पर भारी वाहनों के प्रवेश की पाबंदी होने के बाद भी बालू माफिया बलपूर्वक निमार्णाधीन सड़क से बालू के पानी टपकते हुए ओवरलोड हाइवा पार कर रहे हैं, जिससे निमाणार्धीन सड़क खराब हो रही है। इसकी शिकायत पुलिस से करने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी बीच निर्माणधीन सड़क से बालू से पानी टपकता ओवरलोड वाहन पार करने लगा तो उसकी तस्वीर खींचने पर आक्रोशित बालू माफियाओं सह लाइनरों ने सड़क निर्माण कंपनी की कर्मियों की जमकर पिटाई कर दी, जिससे तीन-चार की संख्या में कर्मी घायल हो गए। बिक्रमगंज थाने में शिकायत करने के बाद भी इसकी नोटिस नहीं लिया गया। अंततः मजबूरन कर्मियों ने सड़क जाम कर किया। सड़क जाम की सूचना पर पहुंची बिक्रमगंज थाने की पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के आश्वासन पर सड़क जाम हटा। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार से बात करने पर बताया कि सड़क जाम हटा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।









## बाबा जंगलीनाथ, लंगटू महादेव समेत डुमरांव व बक्सर के मंदिरों में देर शाम तक पहुंचते रहे श्रद्धालु

# महादेव पर जलाभिषेक के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़









केटी न्यूज/डुमरांव

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के सभी शिवालयों पर पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड अहले सुबह से ही उमड़ी रही, जिसके बाद भगवान शिव के पूजन अर्चन के साथ ही पूरे दिन अनुष्ठान चलता रहा। शहर के बाबा जंगलीनाथ महादेव मंदिर, लंगटू महादेव मंदिर, महाकाल मंदिर के शिवालयों पर अद्भुत श्रृंगार किया गया जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड देर रात तक लगी रही। महाशिवरात्रि को लेकर शहर के हर शिवालय में भगवान शिव की आराधना व अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं के आगमन शुरू हो गया। समय बीतने के साथ ही मंदिर में लोगों की सख्या बढ़ती गयी जिसके बाद हर छोटे बडे शिवालयों में शिव पर जलाभिषेक को लेकर लंबी लाईन लग गयी। मंदिरों में श्रद्धालुओं के पूजा-अर्चना के लिए भीड लगी रही। महाशिवरात्रि पर परंपरा के अनुसार शहर के चर्चित महाकाल महादेव मंदिर में मांगलिक गीतों और ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ भगवान शिव व माता पार्वती का मिलन हुआ। मंदिर को रंग-बिरंगे बल्बों और पुष्प से सजाया गया था। भगवान शंकर और मां पार्वती की प्रतिमा को नये परिधान पहना कर आकर्षण श्रृंगार किये गये थे। मंदिर में आकर्षक ढंग से फूलों का मंडप बनाया गया था। मंडप में वैवाहिक गीत और भजनों के बीच भगवान शंकर और माता पार्वती की शादी देर रात संपन्न होगी। इस दौरान महिलाएं विधि-विधान के साथ मांगलिक गीत गाती है और पूरी रात भगवान शंकर व माता पार्वती के जयघोष से मंदिर गुंजायमान बना रहा। साथ ही शहर के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। अहले सुबह से ही महिला व पुरूष भक्तों द्वारा जल अर्पण के साथ भांग, धतूरा, बेलपुत्र, पुष्प और रोड़ी-चंदन आदि चढ़ाकर अपने परिवार की खुशहाली के लिए मन्नते मांगी। इस दौरान मंदिरों में पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी। मंदिर और आसपास के जगहों पर पुलिस की टीम असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी थी।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर महरौरा में लगा मेला



नगर परिषद क्षेत्र स्थित महरौरा शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर वार्षिकोत्सव पूजन सह मेला आयोजित किया गया जिसमें अहले सुबह से पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर परिसर के बाहर नजारा मेलामय था। इस मंदिर में मेला वर्षों से लगता आ रहा है। दूर-दराज के लोग पहुंचकर अपने बच्चों के साथ बाबा के दर्शन के बाद मेला का आनंद रात तक लेते रहे। मेला में गुडही जलेबी, चाट-समोसे की दुकान पर भीड़ रही। रात तक श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किये। मेला की व्यवस्था में समिति सदस्य सहित ग्रामीण तैनात दिखे। मंदिर को आकर्षण ढंग से सजाया गया था। मंदिर परिसर समेत आस-पास सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात दिखें। ईदगाह से मंदिर तक पहुंचने वाली सड़क पर आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।


## एक नजर

### प्रो. एके दुबे ने महाशिवरात्रि पर पैतृक गांव के शिवमंदिर में किया रूद्राभिषेक



**डुमरांव।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तथा भाजपा नेता प्रो. एके दुबे ने महाशिवरात्रि के मौके पर अपने पैतृक गांव सिमरी प्रखंड के दुबौली स्थित शिव मंदिर में सपरिवार रूद्राभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ नागरिक सम्मान की शुरूआत भी की। शनिवार को पूरे दिन वरिष्ठ नागरिक सम्मान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रो.दुबे ने बताया कि वे पिदले दस वर्षों से अपने गांव के शिवमंदिर में महाशिवरात्रि पर गांव की सुख शांति व समृद्धि के लिए सपरिवार रूद्राभिषेक करते आ रहे हैं। रूद्राभिषेक के बाद उन्होंने आस पास के गांवों में जनसंपर्क अभियान भी चलाया तथा जनता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में बक्सर के सैकड़ो समाजसेवी लोगों के आने की संभावना है, जिसमे कुछ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। वही शाम में उन्होंने कचईनियां स्थित कंचनेश्वर मंदिर व ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर पहुंच भी मत्था टेका। इस दौरान उनके दर्जनों समर्थक भी मौजूद थे।

### डुमरांव के सफाखाना रोड से 500 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब विनष्ट, तस्कर फरार



**डुमरांव।** डुमरांव के साफाखाना रोड स्थित अनुसूचित जाति बस्ती में गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर शराब निर्माण का भंडाफोड़ किया। इस दौरान एक जमीन को खोद पुलिस ने वहां से बरामद 500 लीटर जावा शराब ( अर्द्धनिर्मित शराब ) को जमीन पर गिरा विनष्ट कर दिया। वही पुलिस के आने की सूचना मिलते ही तस्कर घर छोड़ फरार हो गए। पुलिस को उक्त जमीन के अंदर महुआ शराब बनाने के लिए रखे गए 25-30 प्लास्टिक के गैलन भी मिले है। छापेमारी की कार्रवाई थानाध्यक्ष अनिशा राणा के नेतृत्व में चलाया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि तस्करों की शिनाख्त कर ली गई है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वही पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित समारोह में महिलाओं को किया गया सम्मानित



**बक्सर।** शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बक्सर नगर भवन में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी बक्सर अंशुल अग्रवाल, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, स्वच्छता ग्रही, जीविका दीदियों एवं महिला कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन एवं विधिवत शुरूआत की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद आंगनबाड़ी सेविका, आशा, जीविका की दीदियों, महिला शिक्षिका एवं महिला सफाई कर्मियों के द्वारा डीएम के नेतृत्व में नगर भवन बक्सर में केक काटा गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। जिसमें पाटली चौबे (मानो तो मैं गंगा मां हूं) गुरुकुल डांस एकेडमी, सुकृति मिश्रा (शास्त्रीय एवं उप शास्त्रीय गायन), प्रतीक्षा ओझा (होली नृत्य) की मनोरम प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। वही इस अवसर पर वक्ताओं के द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण, बाल विवाह, दहेज प्रथा, लैंगिक उत्पीड़न, वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य विषयों पर विस्तार से संगोष्ठी किया गया। जिला पदाधिकारी ने वहां उपस्थित सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला अपने कर्तव्य एवं अधिकार के प्रति सजग रहे। महिलाओं के लिए सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी हर क्षेत्र में सशक्त किया जा रहा है। साथ ही वहां उपस्थित हजारों की संख्या में महिलाओं को आगामी आम सभा निर्वाचन 2024 के लिए बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया और उनको मतदान के महत्व के बारे में भी बताया। जिला पदाधिकारी बक्सर के द्वारा महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों में बेहतर करने वाली महिलाओं जैसे आंगनबाड़ी सेविका, आशा, जीविका दीदियों, महिला बीएलओ, महिला शिक्षिका महिला स्वच्छता ग्राही एवं महिला कर्मचारी को बेहतर कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरूषों से कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का योगदान देश व समाज के लिए सराहनीय है।

## चौसा थर्मल पॉवर प्लांट के मजदूरों का हंगामा, पथराव



- बकाए मजदूरी की मांग पर उग्र हुए मजदूर, ठप कराया कार्य
- घटना की सूचना मिलते ही पहुंची दो थानों की पुलिस
- पुलिस ने मजदूर नेता को किया गिरफ्तार

केटी न्यूज/चौसा

चौसा में निमार्णाधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पॉवर प्लांट में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को मजदूरों ने एक बार फिर से उग्र आंदोलन किया। मजदूर ओवर टाइम काम की मजदूरी की मांग पर उग्र हुए थे तथा पथराव भी किए। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एक मजदूर नेता को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद मजदूर और भड़क गए थे। वही जानकारी मिलते ही तत्काल सदर डीएसपी धीरज कुमार के साथ ही दो थानों की पुलिस टीम वहां पहुंची। बावजूद पूरे दिन निर्माण कार्य ठप रहा। बता दें कि चौसा में अक्सर मजदूरों के आंदोलन के कारण निर्माण कार्य बाधित होते रहता है। शुक्रवार को उग्र आंदोलन करने वाले मजदूरों का आरोप था कि थर्मल प्लांट निर्माण के सहायक कम्पनी एलएंडटी के अंतर्गत कार्य कर रही पावर मैक कम्पनी उनसे 12 घंटा काम ले रही है और मजदूरी आठ घंटे का ही दे रही है। इसी के विरोध में मजदूर हड़ताल कर रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही मजदूर नेता यूपी के गाजीपुर जिला के मगरखाई गांव निवासी गोलू यादव भी पहुंचे थे। मजदूरों का कहना है कि कंपनी के गुर्गों ने मजदूर नेता गोलू की पिटाई की है। वही पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर ले गई। जिसके बाद मजदूर और उग्र हो गए तथा एलएनटी कंपनी के मुख्य गेट के पास रोड़ेबाजी भी किए। इसकी सूचना पर सदर डीएसपी धीरज कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष चन्दन कुमार व राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सदल बल पहुंचे। इसके बाद हंगामा कर रहे मजदूर प्लांट से बाहर चले गए।

**क्या कहते हैं डीएसपीः** इस संबंध में बक्सर सदर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि कम्पनी द्वारा पूर्व में भी मजदूर नेता यूपी के मगरखाई निवासी गोलू सिंह पर केस दर्ज कराया था तथा आज के मामले में भी आवेदन दिया गया है। जिसको लेकर मजदूर नेता को गिरफ्तार किया गया है। मजदूर नेता के साथ मारपीट करने के मामले में भी आवेदन मिलता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कैसरे हिंद की जमीन के अतिक्रमण के खिलाफ अनशन



केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव में कैसरे हिन्द की जमीन के अतिक्रमण के खिलाफ सार्वजनिक संपति बचाओ मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। सुबह से शाम तक मोर्चा के कार्यकर्ता पुरानी चकबंदी कार्यालय परिसर में धरना पर बैठे रहे। जबकि तीसरे दिन भी प्रशासनिक अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचे। एक तरफ कैसे हिन्द की जमीन पर अतिक्रमणकारी द्वारा घेराबंदी करवाया जा रहा है तो दूसरी तरफ इस जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने में प्रशासनिक उदासीनता से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

धरना पर बैठे मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी प्रशासन की इस चुप्पी पर सवाल उठाए है और आरोप लगाया है कि मैनेज के खेल में ही प्रशासनिक अधिकारी मौन साधे हुए है। वक्ताओं ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 294 ( क ) में कैसरे हिन्द की जमीन को परिभाषित किया गया है और बताया गया है कि संविधान लागू होने के पहले जो जमीन केन्द्र या राज्य सरकार के नाम से थी वह उसी तरह लागू रहेगी तथा उस पर केन्द्र या राज्य सरकार का ही हक रहेगा। इस जमीन पर बंदोबस्ती मान्य नहीं है वही कैसरे हिन्द की जमीन की बंदोबस्ती की शक्ति एसडीओ या अपर समाहर्ता के पास नहीं है। बाजवूद डुमरांव में कैसरे हिन्द की जमीन की घेराबंदी की जा रही है और प्रशासनिक अधिकारी मौन साधे हुए है। वक्ताओं ने स्थानीय सीओ की भूमिका पर भी सवाल उठाए है। शुक्रवार को धरना की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक ललन सिंह ने किया। इस दौरान बलिराम सिंह, राधाकृष्ण प्रसाद, प्रदीप शरण, सुरेश यादव, प्रदीप पासवान, मो. नसीम अख्तर, सुरेश कुमार उर्फ टिंकू, बिहारी यादव, अजय कुमार, कमलेश कुमार, रामजी राम, मिठू प्रसाद, तारकेश्वर पहलवान, बादल मुसहर, गुड्डु, ढेमन, बब्लू, इस्लाम अंसारी, अखिलेश यादव, संजय शर्मा, मंसूर आलम समेत कई अन्य लोग शामिल रहे। इस संबंध में डुमरांव सीओ से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने मोबाईल रिसिव नहीं किया, जिस कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

### मैनेज के खेल की चर्चा

सूत्रों की मानें तो कैसरे हिन्द की जमीन की घेराबंदी पर प्रशासनिक उदासीनता के पीछे मैनेज के खेल की चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है घेराबंदी कराने के लिए न सिर्फ प्रशासनिक महकमे बल्कि कई सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों तक के मुंह बंद रखने के लिए मैनेज का खेल खेला गया है। जिस कारण कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं हो रहा है। धरना पर बैठे लोगों में भी दबे जुबां से इस बात की चर्चा हो रही है।

### शादी में आई महिला के 40 हजार नगद व दो लाख के आभूषण चोरी

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कोपवां गांव में अपने बुआ की लड़की की शादी में आई एक महिला के बैग की चेन काट 40 हजार रूपए, सोने की बाली, चेन, झुमका तथा एक घड़ी की चोरी हो गई है। चोरी गए आभूषण की कीमत करीब दो लाख है। पीड़िता रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव की दिव्या राज सिंह पति कृष्ण राज सिंह हैं। पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि चार मार्च को बुआ की लड़की की शादी थी। जिसमें डेकोरेशन में आए एक युवक पर शक जताया है।

## 24 घंटे के अंदर जिले के दो युवकों ने लगाया फांसी

केटी न्यूज/बक्सर

24 घंटे के अंदर जिले के दो युवकों ने फांसी लगा आत्महत्या कर लिया है। पहली घटना गुरूवार की रात औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव में हुई, जहां एक 38 वर्षीय युवक ने पारिवारिक कलह से तंग आ आत्महत्या कर लिया। उसका शव गमछे के फंदा पर लटका हुआ था। जिसकी सूचना मिलते ही औद्योगिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान स्थानीय गांव के कविन्द्र नाथ राय के 38 वर्षीय पुत्र प्रफुल्ल सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो युवक का अक्सर अपनी पत्नी के साथ विवाद होते रहता था। वही दूसरी घटना शुक्रवार की शाम डुमरांव के जंगल बाजार रोड की है। यहां एक युवक ने घर में फांसी लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। घटना शाम करीब छह बजे की है। मृतक की पहचान जंगल बाजार रोड के उमेश प्रसाद के 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है।

### मुरार थाना क्षेत्र की अपहृत किशोरी हरियाणा से बरामद

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के एक गांव से 29 फरवरी को एक किशोरी घर से पढ़ने के लिए डुमरांव आई थी, लेकिन वापस लौट कर अपने घर नहीं गई। इसके बाद परिजनों ने स्थानीय थाने में भोजपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र के नरगदा गांव के रवि कुमार के खिलाफ अगवा करने का आरोप लगा पास्को ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। मोबाईल सर्विलांस के आधार पर युवती के हरियाणा में होने की जानकारी मिली। जहां छह मार्च को किशोरी को बरामद करने के साथ ही पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## खलासी मुहल्ला से निकली शिव बारात नगर भ्रमण करते हुए चरित्रवन स्थित पंचमुखी शिव मंदिर गई

# महाशिवरात्रि पर बक्सर में निकली भव्य शिव बारात, भूत-बैताल हुए शामिल





केटी न्यूज/बक्सर

महाशिवरात्रि के मौके पर बक्सर में महादेव शिव की बारात की भव्य झांकी निकाली गई। इस दौरान खलासी मुहल्ला एवं कोइरपुरवां से अलग-अलग शिव बारात निकाली गई, जो विभिन्न मंदिरों में पहुंची। इसके बाद वहां मां पार्वती के साथ भगवान शिव के विवाह की रस्म पूरी की गई। भगवान भोलेनाथ की बारात में देवी-देवता, असुर, भूत-प्रेत व बैताल का मुखौटा व स्वरूप बनाए उनके गण चल रहे थे। इसके अलावा बारात में घोड़ा व दर्जनों ऊंट भी शामिल रहे। जबकि भोले बाबा के प्रिय वाद्य यंत्र हुड़का की धुन पर थिरकते युवकों की टोली का उत्साह परवान पर था।

खलासी मुहल्ला से निकली शिव बारात नगर भ्रमण करते हुए चरित्रवन स्थित पंचमुखी शिव मंदिर गई। जहां बारातियों के स्वागत-सत्कार के बाद देर रात शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। इसी तरह कोइरपुरवां से निकली बारात सोहनीपट्टी स्थित गौरीशंकर मंदिर पहुंची। मंदिर में माता पार्वती के साथ भोले बाबा की शादी रचाई गई। ज्योतिप्रकाश चौक से निकली बारात में राजेश यादव, राकेश महतो, वचन यादव, गोविंद राय, गौरी चौरसिया, धनेश चौधरी, दिनेश विश्वकर्मा, पप्पू, विजय यादव, सोनू व गुड्डू आदि लोग शामिल थे। शिव बारात को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। शहर के ज्योति चौक, अम्बेडकर चौक अन्य चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात थी। शोभायात्रा के साथ भी पुलिस की बंदोबस्त की गई थी। शहर वासियों ने पुष्प वर्षा कर बारातियों का जगह-जगह स्वागत किया। बारात के शोभायात्रा के नजारा देखने के लिए सड़कों के किनारे पहले से ही हुजूम उमड़ गया था। महिलाएं एवं बच्चे बारात पहुंचने को पलक पावड़े बिछाए हुए थे।



# महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा दूधेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

- करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले के ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक छटाओ से परिपूर्ण देवकुंड बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर कई जिलों से आए श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर घंटो इंतजार के बाद बाबा दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया एवं जीवन की सुख चैन के लिए मन्नत मांगी। इस दौरान हर हर महादेव बोल बम के जयघोष से पूरा देवकुंड नगरी गूंजता रहा। श्रद्धालु मंदिर के सटे सहस्त्रों जल धारा कुंड में स्नान किया, और मंदिर पहुंचे। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने कई स्थानों पर पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की थी। जो मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को कतार में लगा कर शांतिपूर्ण दर्शन करा रहे थे। मंदिर परिसर में पुलिस बल के जवान, महिला कांस्टेबल एवं अधिकारी भी श्रद्धालुओं को दर्शन कराने में सहायता कर रहे थे। वहीं थानाध्यक्ष अनंत कुमार समेत जिले से आए कई अधिकारी भी जिन्होंने पूरा शिव मंदिर परिसर को भक्तिमय बनाने में विधि व्यस्था को नियंत्रण में रखते हुए भरपूर सहयोग रहा।



ज्ञातव्य हो कि च्यवन ऋषि धाम देवकुंड बाबा दूधेश्वर नाथ मंदिर है जहां महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। वहीं रात्रि के समय शिव विवाह का आयोजन भी किया जाता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर फूल माला बेलपत्र पूजन सामग्री तथा मेले में समान की खरीदारी खूब जमकर हुई ,मंदिर पहुचे हजारो लोगो ने फूल बेलपत्र की खरीदारी किया साथ ही लोगो ने प्रसाद की भी खरीदारी किया । एवं काफी दूर दराज से आए श्रद्धालु हर वर्ष के भांति रात्रि में भव्य शिव बरात का झाकी प्रस्तुत कर दर्शकों को मन मोह लेते है।

## एक नजर

### पूर्व मुखिया ने बीडीओ, सीओ व राजस्व कर्मचारी को दी धमकी, प्राथमिकी दर्ज

**औरंगाबाद।** अम्बा प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने परता पंचायत के पूर्व मुखिया मिथिलेश तिवारी द्वारा फोन पर गाली-गलौज एवं जान मारने की धमकी के विरुद्ध शुक्रवार को अंबा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। बीडीओ ने मामले में संबंधित कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध करवाया है। जिसमें मिथिलेश तिवारी बीडीओ, सीओ और परता पंचायत के राजस्व कर्मचारी सुमन कुमार के अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। हालांकि रिकॉर्डिंग में पूर्व मुखिया हल्का कर्मचारी के द्वारा रिश्वत मांगे जाने का जिक्र कर रहे हैं। पूर्व मुखिया का पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वहीं कर्मचारी से फोन कर उक्त मामले की पूछताछ करने पर उन्होंने फोन काट दिया। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में छापेमारी की जा रही है।

### तीन भाभियों ने की महिला की पिटाई , जख्मी

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के चरइया गांव में तीन भाभियों ने मिलकर एक 26 वर्षीय महिला की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह जख्मी हो गयी। जख्मी की पहचान उक्त गांव निवासी जगदीश रिकियासन की पुत्री हेमंती कुमारी के रूप में हुई है। गुरुवार की रात सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि हेमंती का कुछ वर्ष पूर्व शादी हुआ था। शादी के बाद उसके पति से तलाक हो चुका था। तलाक के बाद वह अपनी मायके में भाइयों के साथ रह रही थी। दूसरी शादी के लिए उसके भाई रिश्ता देख रहे थे। इसी दौरान उसकी तीनों भाभियों ने खर्च न उठाने को कह उसे ताना मारने लगी। इसी बात को लेकर बहस-बाजी शुरू हो गई जिसमें तीनों भाभियों ने मिलकर हेमंती की जमकर पिटाई कर दी। घिटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुषकर्म के बाद गला दबाकर हत्या का मामला सामने आया है। घटना के वक्त किशोरी का 14 वर्षीय भाई गांव में ही ट्यूशन पढ़ने चला गया था। इस दौरान आरोपित ने किशोरी को घर में अकेली देख दुषकर्म को अंजान दिया और विरोध करने पर उसका गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। इधर मामले में पुलिस ने किशोरी के मां के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की है। घटना को लेकर किशोरी की मां ने बताया कि वह अपने मायका गई हुई थी। घर में किशोरी और उसका भाई था, किशोरी को अकेला देख गांव का ही 20 वर्षीय युवक मिथिलेश कुमार ने घटना को अंजाम दिया। वहीं मामले में किशोरी का भाई ने बताया कि जब वह ट्यूशन पढ़कर घर वापस लौट तो देखा की, आरोपित घर से बाहर निकल रहा है। इस दौरान उसने आरोपित को पकड़ने की कोशिश किया तो वह छत से कुदकर भाग निकला है। वहीं इसके बाद कमरें में देखा तो उसकी बहन मृत अवस्था में दुपट्टा से लटकी हुई थी। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया है कि मामले में शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पुलिस हिरासत से भागा आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** घर में चोरी का प्रयास कर रहे एक आरोपित को बीते दिनों पकड़ा गया था लेकिन आरोपित कोर्ट में पेशी के दौरान दूसरे दिन थाना की हाजत से फरार हो गया था। यह पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा सवालिया निशान हैं। घटना औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना की है। जहां से बीते दिनों मनपुरा गांव निवासी निशांत कुमार हाजत से फरार हो गया था जिसमें पुलिस ने आज आरोपित को गया ज़िले के चंदौती थाना के शिवपुरी कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपित बीते 14 फरवरी को एक घर में चोरी का प्रयास कर रहा था जिसमें पकड़ा गया था जिसे ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर पुलिस को हवाले कर दिया गया था। वहीं 15 फरवरी को पुलिस की लापारवाही से वह फरार हो गया था।

## खबरें फटाफट

### विद्युत चोरी मामले 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**औरंगाबाद।** विद्युत चोरी मामले में पकड़े गए 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, और उनके विरुद्ध 103971 रूपए जुमार्ना लगाया गया है। यह कार्रवाई मदनपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर की गई जिसमें शैलवा गांव निवासी सुशीला देवी को अवैध रूप से विद्युत चोरी करने पर 6992 रुपए जुमार्ना लगाया गया है और बकाया बिल भुगतान न करने पर कनेक्शन काट दिया गया। वहीं उस गांव निवासी रंजीत को विद्युत चोरी करते पकड़े जाने पर 3956 रुपए जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा गोवर्धन सिंह पर 7843 रुपए, सत्येन्द्र सिंह पर 7465 रुपए, राजीव शर्मा पर 4883 रुपए , टंडवा निवासी मो. अरवाज पर 13071 रुपए, रानीगंज बसंतपुर निवासी सरस्वती देवी पर 2657 रुपए एवं शंकर सिंह चंद्रवंशी पर 5440 रुपए, रामाशिष सिंह पर 7912 रूपए, बद्री सिंह पर 3322 रुपए एवं सुधीर कुमार सिंह पर 28082 रुपए जुमार्ना लगाया गया है। यह कार्रवाई विधुत सहायक अभियंता शिवरतन लाल एवं कनीय अभियंता राकेश कुमार राम के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने लोगों से विद्युत कनेक्शन लेकर विधुत इस्तेमाल एवं समय पर बिल भुगतान की अपील की हैं। इस कार्रवाई में कनीय सारणी पुरुष सुबोध कुमार सिंह, मानव बल अरविंद बेलदार शामिल थे।

### मिनी गन फैक्ट्री का आरोपित धराया

**औरंगाबाद।** मिनी गन फैक्ट्री मामले में फरार आरोपित को कासमा थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। यह बीते कई महीनों से मामले में फरार चल रहा हैं। पकड़ा गया आरोपित थाना क्षेत्र के कुंवर बिगहा गांव निवासी कर्मचारी यादव उर्फ बिंदेश्वर यादव है। आपको बता दें कि सूचना के आधार पर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया था जिसमें निर्मित व अर्धनिर्मित हथियार बरामद किया गया था जबकि आरोपित पुलिस की भनक पाकर मौके से फरार हो गया था जिसमें इसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी और उसकी तलाश की जा रही थी।

## बहू का कर रहे थे इंतजार, बेटे के मरने की आई खबर

# वाहन की चपेट में आने से दूल्हे के चचेरे भाई की मौत

- कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव के बगीचे की शुक्रवार की सुबह की घटना
- बारात वापसी के दौरान बागीचे में खड़े दूल्हे के भाई को वाहन ने मारी ठोकर
- इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में युवक ने तोड़ा दम



**केटी न्यूज/आरा**

कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव में शुक्रवार की सुबह वाहन की चपेट में आने से दूल्हे के चचेरे भाई की मौत हो गयी। बारात वापसी के दौरान बागीचे में खड़े दूल्हे के चचेरे भाई को किसी वाहन ने ठोकर मार दी। उसमें गंभीर रूप से जख्मी युवक ने इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृत युवक बिहिया थाना क्षेत्र के महुआंव गांव निवासी महेंद्र महतो का 37 वर्षीय पुत्र मुन्ना सिंह था। हादसे के बाद अफरातफरी मच गयी। शादी की खुशी का माहौल गम में बदल गया। परिजनों ने बताया कि उसके चचेरे भाई जीतेंद्र कुमार की गुरुवार की शाम कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी सुरेश महतो के घर बारात आयी था। शुक्रवार की सुबह बारात वापसी के दौरान मुन्ना बागीचे में खड़ा था। उसी दौरान किसी वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बहू का इंतजार कर रहे परिजनों को मिली घर के बेटे की मौत की खबर मिली। जिसके बाद पूरे परिवार में मचा कोहराम मच गया। विदित हो कि महुआंव गांव किशन महतो के घर में खुशी का माहौल था। बेटे जीतेंद्र की बारात जाने के बाद शुक्रवार की सुबह घर के लोग बारातियों के साथ बहू के आने का इंतजार कर रहे थे। घर में स्वागत की तैयारी चल रही थी। तभी जीतेंद्र के चचेरे भाई मुन्ना की मौत की खबर आ गयी। उससे घर में कोहराम मच गया। शादी का माहौल गम में बदल गया। बताया जा रहा है कि मुन्ना सिंह दो भाई और दो बहनों में छोटा था। उसके परिवार में पत्नी रीना देवी, पुत्री स्नेहा,सनम और पुत्र सत्यम है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। किसी को इस बात का विश्वास ही नहीं हो पा रहा है कि अब वह इस दुनिया में नहीं है। वहीं दूसरी ओर पत्नी रीना देवी के कंधों पर बेटे-बेटियों का भार आ पड़ा है। उसे ही अब सबकी परवरिश करनी पड़गी। वहीं दूसरी ओर पत्नी रीना देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दो दिवसीय महोत्सव का पर्यटन मंत्री ने किया उद्घाटन

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के उमगा में राज्य सरकार के पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय उमेश्वरी महोत्सव का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा पर्यटन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ कुमार ने कहा कि औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक स्थलों देव , उमगा और सीताथापा का पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास किया जाएगा। जिले में इको बायोजिकल पार्क का निर्माण भी कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास के लिए औरंगाबाद जिले में शीघ्र एक टीम भेजी जाएगी जिसके द्वारा प्रदत्त प्रतिवेदन के आधार पर कार्य योजना बनाकर इस क्षेत्र में पर्यटन विकास किया जाएगा। मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि उमगेश्वरी पर्वत 52 मंदिरों का शक्तिपीठ है जो पूरे देश मे सुप्रसिद्ध है। बिहार सरकार के द्वारा एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने को लेकर संकल्पित है। इसके पूर्व पर्वत के निचे विवाह मंडप, पर्यटकों के लिए धर्मशाला, शौचालय का निर्माण किया गया है। नेशनल हाईवे -19 के नजदीक भव्य द्वार का निर्माण हुआ है। मंदिर पर जाने के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया गया है। इसे बेहतर रूप से विकसित करने के लिए बहुत जल्द पर्यटन विभाग के टीम को भेजा जायेगा।

## अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार दो किशोर को रौंदा, एक की मौत

- तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को रौंद
- घटनास्थल पर एक 16 वर्षीय किशोर की मौत
- इंग्लिश गांव से डिहरी अपनी बहन के घर जा रहे थे युवक

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

राष्ट्रीय राजमार्ग - 19 पर बारुण थाना क्षेत्र के केशव मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को रौंद दिया। इस घटना में घटनास्थल पर एक 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार के रात की है। मृतक की पहचान अरवल जिले के बैदराबाद निवासी रामाधार चौधरी के पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान बिट्टू कुमार के रूप में की गई है। शुक्रवार की सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि राकेश अपने चचेरे भाई बिट्टू के साथ गृह प्रवेश में शामिल होने के लिए बारुण थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव रिश्तेदार के घर गया हुआ था। गुरुवार की देर शाम इंग्लिश गांव से डिहरी अपनी बहन के घर जा रहा था, जैसे ही दोनों केशव मोड़ के समीप पहुंचा तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया और मौके से फरार हों गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण में घायल का इलाज कराया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल किशोर से मृतक की पहचान कर घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन शव से लिपटकर चीत्कार कर उठे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और शव परिजनों को सौंप दिया। पता चला की मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसकी तीन बहने थी। राकेश इसी वर्ष मैट्रिक का परीक्षा दिया था और आगे की पढ़ाई के लिए तैयारी में कर रहा था।

## पर्यटन को मिले बढ़ावा: सासंद

**औरंगाबाद।** देवकुंड महोत्सव को सफल बनाने के लिए वीडीओ राजेश कुमार दिनकर के अध्यक्षता में तथा शैल कुमारी मिश्रा के मंच संचालन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सनातन श्रद्धालुओं का आस्था परंपरागत रीति रिवाजों के आधार पर चले आ रहा है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के बरात को देखने के लिए इलाके के दूर दराज से श्रद्धालु भक्त देवकुंड पहुंचते है |इसी दिन एक दिवसीय देवकुंड महोत्सव का अयोजन किया गया जिसका उद्घाटन आज मुख्य अतिथि के रूप में काराकाट सांसद महाबली सिंह स्थानीय विधायक भीम कुमार सिंह ने किया।

## महिलाओं को अपनी क्षमता को पहचानने व आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत: सुकुल

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के तत्वावधान में सितयोग इंजीनियरिंग कोलेज में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें डालसा के सचिव सुकुल राम, वरीय अधिवक्ता एवं सितयोग संस्थान के चेयरमैन योगेन्द्र नारायण सिंह, वरीय अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह, कानूनी बचाव प्रणाली के प्रमुख योगेश किशोर पाण्डेय, पैनल अधिवक्ता स्नेहलता ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अभिनन्दन कुमार उप प्रमुख लीगल ऐड डिफेन्स सिस्टम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज कि महिलायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है चाहे विज्ञान, खेल, चिकित्सा, कानून, राजनीती का क्षेत्र हो अथवा कोई अन्य क्षेत्र हो।आज कि महिलाओं का नेतृत्व क्षमता का लोहा पूरा विश्व मानता है,



बस जरूरत है उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने कि और खुद के आत्म विश्वास को बढ़ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा के सचिव सुकुल राम ने कहा कि डालसा महिलाओं के अधिकार और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार कार्यक्रम चलाते रहा है और यह कार्यक्रम खास कर उनको उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए और हर क्षेत्र में उन्हें प्रोत्साहित करना है।

## भयमुक्त होकर चुनाव में करें वोट, पुलिस की टुकड़ी ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। खासकर सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि वोटरों को कोई अपने पक्ष में मताधिकार करने के लिए धमका न सके। चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फेसर थानाध्यक्ष सुरज कुमार के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने फेसर रेल्वे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर फ्लैग मार्च किया और भयमुक्त होकर मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। साथ ही लोगों में यह संदेश दिया गया कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने को लेकर पुलिस पूरी तरह तत्पर है। इलाके में विधि-व्यवस्था व शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखें। थानाध्यक्ष ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न करवाना उनकी प्राथमिकता है। इसी के मद्देनजर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। चुनाव के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है। इसके साथ ही जो भी वारंटी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ताकि मतदान करने से रोकने वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी कारवाई की जायेगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले लोग बख्शे नहीं जायेंगे।






## खबरें फटाफट

### मेडिकल दुकानदार को चाकू से घायल कर बदमाशों ने की छिनैती

बलिया। बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के साहोडीह पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की रात में बदमाशों ने एक मेडिकल दुकानदार को चाकू मारकर मोबाइल और रुपया छीनकर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल के शरीर पर चार-पांच चाकू लगा हुआ है। बता दे कि बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के गोरथापार राजा गांव खौरौनी निवासी नंदलाल चौहान 23 वर्ष पुत्र जागेश्वर चौहान बांसडीहरोड चट्टी पर मेडिकल की दुकान चलाते हैं। दुकानदार की माने तो वह प्रतिदिन की भांति दुकान बंद कर बाइक से राजा गांव खरौनी गांव निवासी शहजाद 18 वर्ष पुत्र स्व मो अकबर के साथ गांव जा रहा था। जैसे ही वे लोग साहोडीह पेट्रोल पंप के पास पहुंचे। वैसे ही पीछे से बाइक पर सवार चार बदमाश उसके बाइक से पीछे करने लगे। बताया कि उनके नंबर प्लेट पर प्लास्टिक लगा हुआ था। वे लोग चलती गाड़ी में हाथापाई करने लगे। इसके बाद बाइक असंतुलित होकर गिर गई। ततपश्चात मोबाइल और रुपया छिनने लगे। जब हम लोगों द्वारा विरोध किया गया तो बदमाशों ने चाकू से वार कर हम लोगों को घायल कर दिया और रुपया सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई।

### छह घंटे में लखनऊ पहुंचाएगी वंदे भारत

चंदौली। बिहार के राजधानी पटना से नवाबों के शहर लखनऊ तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। शुक्रवार को वंदे भारत का पटना से लखनऊ तक ट्रायल रन किया गया। यह पूरी तरह सफल रहा। माना जा रहा है कि 12 मार्च से यह ट्रेन नियमित चलेगी। इस ट्रेन से चलने से पटना से पीडीडीयू की दूरी 2.35 घंटे जबकि पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से लखनऊ की दूरी छह घंटे में पूरी होगी। हावड़ा दिल्ली रूट पर अति व्यस्त पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से होकर वंदे भारत ट्रेन चलने का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। डाला छठ के समय पटना से नई दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन के रूप में वंदे भारत का संचालन किया गया था। इसके बाद लगा था कि इसे नियमित किया जाएगा लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया गया है।


## महाशिवरात्रि महापर्व के अवसर पर जनपद के विभिन्न जगह पर हुआ भव्य भंडारा व निकाली गई झांकी

# शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

- भक्तों ने भांग, धतूरा, दूध, बेलपत्र, गंगाजल आदि चढ़ाकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की
- चार बजे सुबह से ही शिवालयों में शुरू हो गया था भक्तों का तांता









**केटी न्यूज/बलिया/गाजीपुर**

महाशिवरात्रि पर्व पर बलिया जनपद में नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में शुक्रवार को बाबा भोलेनाथ के भक्तों ने भांग, धतूरा, दूध, बेलपत्र, गंगाजल आदि चढ़ाकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान भक्तों ने पूजन अर्चन करने के साथ ही अपने दूध, गंगाजल व रस से रुद्राभिषेक किया। घंट-घडियाल बजाकर हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। इससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। नगर के बालेश्वर मंदिर, गोलारोड स्थित कैलास धाम मंदिर व मिड्ढी स्थित शिव मंदिर पर भोर चार बजे भोर से ही बाबा के भक्तों का तांता लगा रहा। जहां बाबा के भक्तों ने पूजन अर्चन करना किया।

उधर, ग्रामीण क्षेत्र के दिउली स्थित बाबा बालखंडी नाथ, छितौनी स्थित बाबा छितेश्वर नाथ, सहतवार कस्बा स्थित पंच मंदिर, असेगा स्थित शोकहरण नाथ, कारो स्थित कामेश्वर नाथ, कोटवा स्थित बाबा मुक्ति नाथ, रसड़ा स्थित श्रीनाथ व लखनेश्वर डीह, बड़सरी स्थित अवनी नाथ, भड़सर स्थित दुःखहरण नाथ, ब्यासी स्थित हरिहर नाथ, नगवां स्थित नागेश्वर नाथ, इब्राहिमपट्टी स्थित अवभूतेश्वर नाथ, बांसडीह कस्बा स्थित भुटेश्वर व रघुवेश्वर नाथ, थम्हनपुरा स्थित बाबा धर्मेश्वर नाथ मंदिर पर बाबा के भक्तों ने वेलपत्र, भांग, धतूरा, भस्म, चंदन, फूल-माला, प्रसाद आदि चढ़ाकर पूजन-अर्चन कर परिवार के मंगलमय की कामना की। वहीं घंट-घडियाल बजाकर हर-हर महादेव का उद्घोष किया। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

**जगह–जगह हुआ भंडारे का आयोजनः** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को जगह–जगह भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु भंडारे से प्रसाद ग्रहण किया। बाबा के भक्तजन भी तन्मयता से श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे।

## भगवान शंकर को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के बाद सुख–समृद्धि का मांगा आशीष

**गाजीपुर।** भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती के विवाहोत्सव पर मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि का पर्व धूम-धाम से मनाया गया। भगवान शंकर के धार्मिक और पौराणिक स्थल महाहर धाम पर श्रद्धालुओं की दर्शन पूजन के लिए भारी भीड़ उमड़ी।हर-हर महादेव के जयकारे के साथ पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो गया।इस मौके पर दर्शनार्थी भगवान शंकर को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करने के बाद बेल पत्र, धतूरा चढ़ाकर भगवान से मन्नतें मांगी। महिला दर्शनार्थियों की अच्छी खासी भीड़ दर्शन के लिए पहुंची। शुक्रवार की भोर से ही दर्शनार्थियों की भारी भीड़ दर्शन पूजन के लिए पहुंचना शुरू हो गई थी जो सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।लाखो की संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचे।

**महाहर धाम में तीन दिनों तक लगता है मेलाः** महाशिवरात्रि के पर्व पर महाहर धाम पर तीन दिनों तक मेले का आयोजन होता है,जिसमे अगल बगल जगहों के अलावा जनपद के अलग अलग हिस्सों से भी महिलाए, पुरुष, बच्चे मेले का लुफ्त उठाने पहुंचते है। मेले में तरह तरह झूलों के साथ साथ खाने पीने के अलग अलग व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए है। शुक्रवार की भोर से ही दर्शनार्थियों की भीड़ महाहर धाम पहुंचनी शुरू हो गई थी जो देर शाम तक दर्शन पूजन का सिलसिला चलता रहा।

**..और अपनी मां के साथ पहुंची गाजीपुर डीएमः** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर अपनी मां के साथ दर्शन -पूजन के लिए पहुंची। इस दौरान गर्भ गृह में मंदिर के पुजारी ने विधि विधान पूर्वक मंत्रोचार के साथ पूजा पाठ कराया। महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए महाहर धाम पर सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी,जिसमे अलग अलग थानों की फोर्स के साथ महिला पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी।

**मंदिर में चेन स्नेचिंग की घटना से महिलाएं दुखीः** पुलिस और मंदिर समिति के लाख प्रयास के बावजूद चैन स्नेचिंग की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। चाहे सावन माह हो या महाशिवरात्रि पर्व पर ऐसी घटनाएं हो ही जाती हैं। आज भी एक महिला का चैन गले से काट लिया गया।

# चंदौली में आज आएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

**केटी न्यूज/चंदौली**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को चंदौली आएंगे। सीएम लगभग 800 करोड़ की परि योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर सकते हैं। साथ ही कार्यकताओं में लोकसभा चुनाव के लिए जोश भी भरेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमला और संगठन तैयारी में जुटा हुआ है। लोस चुनाव से पहले सीएम की जनसभा अहम मानी जा रही है। वहीं केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेंद्र पांडेय कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से जानकारी ली। सीएम योगी के आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डीएम समेत जिले के आला अधिकारी लगातार कार्यक्रम स्थल का जायजा ले रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर भव्य मंच और पंडाल तैयार हो रहा है। सीएम चंदौलीवासियों को विभिन्न योजनाओं की सौगात देने के साथ ही मंच से जनसभा को संबोधित भी करेंगे। ऐसे में संगठन सीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटा है। जनसभा में अधिक से अधिक लोगों की भीड़ जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। वही मुख्यमंत्री विभिन्न विभाग की ओर से लगाए गए स्थान का अवलोकन करने के साथ-साथ लाभार्थियों को प्रतीक चिन्ह भी भेंट करेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से उज्ज्वला योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना सहित सरकार की अन्य योजनाओं में शामिल लाभार्थियों को लाभान्वित करेंगे।

# मेला देख रहे मासूम की बाइक के धक्के से मौत

- इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम, गांव में शोक



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाने के जलालाबाद गांव में स्थित महादेव शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर भव्य मेले का आयोजन किया गया था। मेला देखने आए सात साल के मासूम शिव पासवान पुत्र विनोद पासवान तेज रफ्तार बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बता दें कि जलालाबाद से मरदह की तरफ एक बाइक तेज रफ्तार में जा रहे थी। उस पर दो लोग सवार थे। तभी एक मासूम उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच दोनों बाइक सवार को भीड़ ने पकड़ लिया, लेकिन तत्काल मेले में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों ने दोनों बाइक सवारों को हिरासत में लेकर थाने चली गई। घायल मासूम को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जलालाबाद निवासी मृत शिव पुत्र विनोद पासवान की मौत से पूरा परिवार गमगीन हो गया। मृतक की मां साधना देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। वह मूर्छित हो जा रही थी। बता दें कि विनोद पासवान मेहनत मजदूरी करके अपने इकलौते बेटे मृतक शिव पासवान और बड़ी बेटी गौरी की देखभाल करते थे। लेकिन सात वर्षीय बेटे की मौत से पूरे परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# अब कृषकों को सिंचाई के लिए मिलेगी मुफ्त बिजली

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने के लिए संकल्प सिद्धि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मिलित हुए। उन्होंने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर लखनऊ से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी क्रम में जनपद गाजीपुर में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चचल के प्रतिनिधि डा प्रदीप पाठक, जिला विकास अधिकारी, उप निदेकश कृषि, अधिशासी अभियंता मण्डल विद्युत, विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के साथ कृषकों की उपस्थित में सजीव प्रसारण के माध्यम से देखा और सुना गया। इस योजना के अन्तर्गत जनपद गाजीपुर को एक अप्रैल 2024 से उत्तर प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए नलकूपों के बिजली बिल पर शत-प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में गाजीपुर के निजी नलकूपों पर 39435 उपभोक्ताओं को लाभ प्राप्त होगा। नगर पालिका अध्यक्ष गाजीपुर सरिता अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों को बड़ी सौगात देकर निजी नलकूपों के बिजली बिल एक अप्रैल 2023 से माफ किया है। कहा कि निजी नलकूप उपभोक्ता 39435 लाभान्वित इस योजना से लाभ प्राप्त हुए हैं। जिसमें प्रति माह विद्युत बिल 31.72 करोड रुपये है। उन्होंने कहा कि पीएम व सीएम ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करके लाभान्वित कराया जा रहा है।

# धर्मपुरा गांव में हुई अगलगी में दो मवेशी झुलसे, छः बकरियां मरी

**केटी न्यूज/ बलिया**



मनियर क्षेत्र के धर्मपुरा गांव निवासी अखिलेश यादव के घर से शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें एक पाड़ा व एक पड़िया झुलस गई। जबकि छः बकरियां जलकर मर गई। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा लिए थे। मिली जानकारी के अनुसार मनियर थाना क्षेत्र के विशुपुरा ग्राम पंचायत के धर्मपुरा गांव में अज्ञात कारणों से अखिलेश यादव पुत्र किशोर यादव की झोपड़ी में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग में बृजेश कुमार यादव पुत्र किशोर यादव, शिवमंगल यादव, परमात्मा यादव पुत्र स्वर्गीय शिवनाथ यादव, राजेश यादव पुत्र स्वर्गीय दीनानाथ यादव, स्वामी नाथ यादव पुत्र स्वर्गीय रामवृक्ष यादव की झोपड़ी को भी अपने चपेटे में ले लिया। आगलगी के घटना में अखिलेश यादव की पाड़ा व पाड़ी झुलस गई। जबकि बृजेश कुमार यादव की छः बकरियां जलकर मर गई। इसके अतिरिक्त झोपड़िया में रखा भूसा, चौकी, चोकर, खली आदि सामान भी जलकर राख गए। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्रीराम तिवारी बबलू एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जेपी यादव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया।

# टिकट मांगने पर यात्री ने टीटीई का सिर फोड़ा, जीआरपी ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/ चंदौली**

हावड़ा से मुंबई जा रही 12321 मुंबई मेल में यात्रा के दौरान टीटीई ने यात्री से टिकट मांगा तो आक्रोशित यात्री ने टीटीई का सिर फोड़ दिया। शुक्रवार को यह घटना हजारीबाग रेलवे स्टेशन के समीप हुई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने यात्री को पकड़ लिया और पीडीडीयू जीआरपी के हवाले कर दिया। यहां जीआरपी ने यात्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान किया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर तैनात टीटीआई और नगर के तारनपुर इस्लामपुर निवासी सफीर अहमद की ड्यूटी डाउन ट्रेन 12321 मुंबई मेल में लगी थी। सफीर अहमद शुक्रवार की भोर में ट्रेन के एस-2 में टिकट चेकिंग करते हुए एक यात्री से टिकट की मांग की तो यात्री टिकट न दिखाकर बहस करने लगा। हजारीबाग रेलवे स्टेशन से ट्रेन आगे बढ़ी तो यात्री ने सर पर हमला बोल दिया। यात्री के हमले से टीटीआई का सिर फूट गया और खून बहने लगा। सफीर ने इसकी सूचना कंट्रोल और साथी टीटीई को दी। मौके पर पहुंचे साथी टीटीई ने यात्रियों के सहयोग यात्री को रोक लिया। यात्री ने अपना नाम सिद्धार्थ जैन निवासी झुमरी तलैया कोडरमा झारखंड बताया। ट्रेन के पीडीडीयू जंक्शन पर पहुंचने पर यात्री को जीआरपी के हवाले किया गया। मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।




## पूर्वांचल के नामी कवियों व शायरों ने लिया हिस्सा

# जिन्दगी तेरा गम हम कदा छुपाते रहे, दिल में आंसू बहाते रहे....

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




बहरियाबाद कस्बा स्थित मजहर मेमोरियल पुस्तकालय के तत्वावधान में मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्वांचल के नामी कवियों शायरों ने भाग लिया। सभी ने अपनी नज्मों को प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को मनमोह लिया। इसमें मुख्य अतिथि रामकिशुन सोनकर सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र सादात थे। मुहम्मद जफर पूर्व प्राचार्य सिकंदरपुर बलिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुशायरा के कन्वेनर एहते शाम सिद्दीकी ने प्रोफेसर शाह अब्दुस सलाम के नाम से एवार्ड आरंभ करते हुए पहला एवार्ड गनी अजहर को अंगवस्त्र व एवार्ड राशि प्रदान किया। शायर घायल आजमी ने कहा कि काम आती है मेरी जादू बयानी रोड पर। बेच लेता हूं दावा बतला के पानी रोड । दिलवर ने अपनी रचना सुनाते हुए कहा कि दिल सजदे में माबुद के जिसका नहीं होता। वह लाख झुकाए सर कभी सजदा नहीं होता। बादशाह राही ने तन्ज करते हुए कहा कि वो जिसको चाहे मिटा दे, ये हो नहीं सकता। वह बादशाह हैं परवरदिगार थोड़े हैं। शब्बीर अजीजी दिल का दर्द कुछ यूं बयान किया कि जिन्दगी तेरा गम हम कदा छुपाते रहे। दिल में आंसू बहाते रहें महफिल में मुस्कुराते रहे। साकी आजमी देश की वर्तमान स्थिति का खाका खींचते हुए कहा कि आतिशी बहारों का हौसला निकलता है। जिस तरफ नजर डालो घर किसी का जलता हैं। मुशायरे में साकिब आजमी हंटर गाजीपुरी के साथ आए हुए लगभग दर्जन भर शायरों और कवियों ने अपनी रचना सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शायरों ने अपनी नज्म व शायरी से श्रोताओं को इस कद्र बांध कर रखा था कि रात भी कोई भी श्रोता टस से मस नहीं हो पाये। बल्कि कईयों ने अपने दोस्तों को भी इस महफिल में आमंत्रित किया। ताकि व इसका मजा ले पाये। संचालन मुख्तार मासूम ने तथा सदारत बुजुर्ग शायर गनी अजहर ने किया। अंत में पुस्तकालय के सचिव एहतेशाम सिद्दीकी ने आभार व्यक्त किया।

## खबरें फटाफट

### निदेशक ने बीज परीक्षण प्रयोगशाला का किया निरीक्षण

**मऊ।** निदेशक सुरेंद्र बहादुर सिंह बीज प्रमाणीकरण विभाग लखनऊ द्वारा बीज परीक्षण प्रयोगशाला मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, बीज परीक्षण प्रयोगशाला में निष्प्रयोग उपकरणों के नीलामी के साथ-साथ प्रयोगशाला भवन के सुंदरीकरण हेतु निदेशक द्वारा निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान निर्देशक महोदय ने प्रमाणीकरण क्षेत्रफल में वृद्धि करने के भी निर्देश दिए साथ ही किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश निदेशक महोदय द्वारा दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी उपनिदेशक डॉक्टर अनिल कुमार सिंह, उपनिदेशक श्री अजय कुमार सिंह वाराणसी के साथ-साथ पूर्व उपनिदेशक, संजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, दिलीप कुमार, रामप्रवेश यादव, सुमन राय व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

### सीएम आज करेंगे महाराणा प्रताप पार्क का उद्घाटन

**जौनपुर।** राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण 9 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जाएगा। जिस क्रम में शुक्रवार को उऊ्ढ सीलम साई तेजा,भाजपा प्रत्याशी व पूर्व गृहराज्य मंत्री व भाजपा उपाध्यक्ष महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह,टछउ बृजेश सिंह प्रिंशु ने मूर्ति स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। ज्ञात हो 9 मार्च को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कालीचाबाद में स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण करेंगे। निरीक्षण के दौरान विधान परिसद सदस्य वृजेश सिंह प्रिन्सू ने कहा कि आज राजपूत सेवा समिति के साथ-साथ मुझे भी गर्व हो रहा है कि मैने भी अपना योगदान दिया। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, पूर्व विधायक डॉ हरेन्द्र सिंह,नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के प्रतिनिधि डॉ रामसूरत मौर्य,रत्नाकर सिंह, शशि मोहन सिंह क्षेम ,रविन्द्र प्रताप सिंह,, शशि सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य,देवी सिंह सिद्धार्थ सिंह,अजीत सिंह, सिंह,विवेक सिंह राजा,राहुल सिंह,,राम दयाल, अंशुमान सिंह सहित भारी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

### डीएम ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्रा ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत एवं वेयरहाउस, नामांकन कक्ष, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम प्रभारी एवं यउप जिला निर्वाचन अधिकारी को सीसीटीवी कैमरो के अनवरत सक्रियता एवं मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुकूल ही ईवीएम, वीवी पैट की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नामांकन हेतु निर्धारित कक्ष का निरीक्षण किया।

### जनपद के सभी मंदिरों व शिवालय में महाशिवरात्रि की पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना की

# पीएम मोदी व सीएम योगी ने रामराज की शुरुआत की: रवि

♦ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से भगवान भोले नाथ की विवाह की निकाली गई झांकी

**केटी न्यूज/जौनपुर**



महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सांसद गोरखपुर रवि किशन अपने पैतृक गांव बिसुहिं बराई सिधेश्वर महादेव मंदिर में कार्तिके भगवान, हनुमान देवता एवं माता दुर्गा की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचे। सांसद रवि किशन ने बताया कि हमारे गांव में मंदिर नहीं था महिलाओं को पूजा पाठ करने व जल चढ़ाने दूर दूसरे गांव जाना पड़ता था। आज मेरे पिता की आत्मा को शांति मिली है। उनकी बहुत इच्छा थी कि गांव में शिवजी का मंदिर बने आज उनका सपना पूरा हुआ। पीएम मोदी व सीएम योगी ने जो रामराज की शुरुआत किया है। अब भारत ही नहीं अपितु समूचा विश्व सनातन को अपना रहा है सनातनी बन रहा है। गांव में आम जनमानस की खुशी देखकर मुझे लग रहा है कि आज मैंने अपने गांव के लिए कुछ कर पाया हूं। उन्होंने हवन पूजन कर सभी गांव वालों को शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शशांक किशन, पवन दुबे, अजय सिंह, विराट सिंह, अनुराग दूबे, चिंटू शुक्ला, रेखा शुक्ला आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे। महाशिवरात्रि की पावन पर्व पर जहां मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया गया। वहीं दूसरी तरफ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने बीके मंजू बहन वह बीके श्वेता बहन व रमेश भाई के नेतृत्व में भगवान शिव की भव्य शिव बारात निकाली गई। शिव बारात में तमाम तरह के भगवान शिव की आकर्षित झांकियां सजाई गई। मंच पर राम लक्ष्मण सीता के साथ हनुमान और स्वयं शंकर देव भी विराजमान नजर आए। बारात का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टंडन ने फीता काट कर किया। शिव बारात रूहट्टा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से चलकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए तूतीपुर स्थिति शिव मंदिर पर जाकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में भाई माताएं बहनें उपस्थित रही लोग जमकर भगवान शिव का जयकारा भी लगते हैं।







## शिवालयों में महाशिवरात्रि पर उमड़े श्रद्धालु

**मऊ।** जनपद में महा शिवरात्रि पर सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नौ सेमर के बढ़ दुआरिया मंदिर ,कोपागंज के गौरी शंकर मंदिर सहित मऊ जनपद के नगर पंचायत चिरैयाकोट व आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धापूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के मुबारकपुर वार्ड के खाकी बाबा की कुटी,महतवाना वार्ड के शिवाला, जमीन दुर्गा के प्राचीन हनुमान मंदिर,चौक के शिव मंदिर, शिव मंदिर वलीनगर, रोडवेज के पास शिव मंदिर, पूर्वांचल पेट्रोल पंप के मंदिर व थाना परिसर के मंदिर के साथ अन्य सभी मंदिरों में व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक कर बेलपत्र चढ़ा कर पूजन अर्चन किया गया। वहीं सब्जी मंडी चिरैयाकोट से गाजे बाजे के साथ भव्य रूप से रथ पर सवार शिव पार्वती की आकर्षक झांकी के साथ शिव बारात निकाली गई। जिसमें शिवभक्त बोलबम के नारे के साथ जमकर थिरके। शिव बारात सब्जी मंडी से मुहम्मदाबाद रोड पर रविदास मंदिर से होते हुए चौक होकर धर्मदास गेट, खरिहानी तिराहा से होकर तकिया रोड प्राचीन हनुमान मंदिर तक निकाली गई। वहीं दूसरी ओर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पूरा इंतजाम किये गये थे। ताकि मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान की जा सके। इस अवसर पर सुभाषचंद्र जायसवाल संदीप वर्मा, विशाल मद्धेशिया, प्रियांशु मद्धेशिया, गनेश मद्धेशिया, संतोष मद्धेशिया, संदीप मद्धेशिया आदि सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। वहीं तकिया रोड पर स्थित नगर के अति प्राचीन हनुमान मंदिर, मुहम्मदाबाद रोड पर स्थित शिव मंदिर तथा रोडवेज के पास मंदिर पर देर शाम को विशाल भंडारा का आयोजन हुआ इसी क्रम में मुहम्मदाबाद गोहना,घोसी मधुबन, पिपरीडीह, रतनपुरा, सहित पूरे जिले में महाशिवरात्रि की घूम रही।

## मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन ने लोगों को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**केटी न्यूज/जौनपुर**

आगामी लोकसभा चुनाव में जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से भेजी गई मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन ने भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया। अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता एक्सप्रेस वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसका जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। कलेक्ट्रेट परिसर से सद्भावना पुल तक गुलाबी देवी, नेहरु बालोद्यान, व मोहम्मद हसन के स्काउट गाइड के छात्र छात्राएं मतदाता जागरूकता नारे लगाते वैन के साथ चल रहे थे। शाही किला से अटाला तक राजा कृष्ण दत्त के एनसीसी के कैडेट वैन के साथ चल रहे थे। भंडारी रेलवे स्टेशन पर डा अख्तर हसन रिजवी शिया डिग्री कालेज के एनएसएस के छात्र छात्राओं ने स्वागत किया। मोहम्मद हसन डिग्री कालेज पर वहां के एनएसएस छात्र छात्राओं ने स्वागत किया। इसके साथ ही कुत्तुपुर तिराहा, विशेषरपुर तिराहा, सिपाही चौराहा, टीडी कालेज रोड, पालिटेक्निक चौराहा आदि चौराहों पर एलईडी वैन के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जगह-जगह लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों का चुनाव में सहभागिता जरुरी है। इसलिए महिला, पुरुष, तृतीय लिंग, युवा व दिव्यांग सभी मतदाताओं से अपील है कि मतदान तिथि को अपना वोट जरुर दे जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े। इस अवसर पर पवन कुमार सिंह, सौरभ कुमार, बृजेश चतुर्वेदी, उदयभान कुशवाहा, मो मुस्तफा, रमेश चन्द्र यादव, डा अखिलेश श्रीवास्तव, डा रंजीत सिंह, राकेश मिश्रा, डा राज बहादुर यादव, उदयराज सिंह, डा अवधेश कुमार, मो. अब्बास खान,अजीत कुमार सिंह, कन्हैयालाल, गौतम प्रसाद आदि सहित छात्र छात्राएं व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### कैंपस को पॉलीथीन मुक्त का स्वयंसेवकों ने लिया संकल्प

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छठवें दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में, विभिन्न विभागों के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविका ने हरित कैम्पस क्लीन कैंपस पहल के तहत अपने कैंपस को प्लास्टिक-मुक्त बनाने का उत्साह दिखाया। कैप्टन सचिन के नेतृत्व में, विकास, कृष्ण कुमार, शशि कुमार, सुनील कुमार सहित टीम ने कैंपस पर एकल उपयोग के प्लास्टिक को समाप्त करने का निर्णय लिया। इस महत्वपूर्ण पहल को कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. विशाल यादव, डॉ. अजय कुमार मौर्या, डॉ. विनय वर्मा और कर्मचारियों मैलाश और बांके लाल यादव का साथ मिला। इस समर्पित टीम ने प्लास्टिक कचरे को हटाने के लिए कदम उठाया।

## महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ रही हैं आगे: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा जीवन राम इंटर कॉलेज छात्रावास के मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने सरस्वती पूजन कर किया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, बीसी सखी, शिक्षिकाओं, ग्राम पंचायत स्तर पर नवनियुक्त महिला चौकीदारों आदि को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं एवं लोक कलाकारों ने महिला सशक्तिकरण के थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में डीएम ने स्कूली छात्राओं ने प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुति हेतु संबंधित शिक्षिकाओं को भी बधाई दी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ ही शिवरात्रि पर्व की भी सबको शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत हर क्षेत्र में विश्व को चुनौती पेश कर रहा है, विशेष कर महिला सशक्तिकरण में भारत विकसित देशों के समान ही महिलाओं को बराबरी का हक एवं सम्मान दे रहा है। भारत में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे भी बढ़ रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें महिला सम्मान एवं उनकी भागीदारी के हर मानक पर खरा उतरना है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं से पूरे मनोयोग से महिला कल्याण एवं उनके सशक्तिकरण हेतु प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह एक पावन कर्तव्य है, जिससे महिलाओं के विकास में उनसे जुड़े लोग सहायक हो सकते हैं।

### राज्य आमंत्रण सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता हुआ सम्पन्न

**मऊ।** खेल निदेशालय ने राज्य आमंत्रण सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 03 मार्च 2024 से 07 मार्च 2024 तक जिला खेल कार्यालय मऊ में किया गया। फाइनल मैच देवरिया एवं वाराणसी के बिच खेला गया जिसमें देवरिया ने 01 गोल से वाराणसी को पराजित किया। इस मैच के मुख्य अतिथि डीएम प्रवीण मिश्र एवं एसपी इला मारन को स्मिती चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर मुकेश कुमार सब्बरवाल क्रीडाधिकारी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उमेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर शिव गोविंद राय सचिव खो-खो संघ, डा० संजय सिंह, प्रमोद राय, मनोज कुमार यादव, राजीव कुमार जयसवाल हैण्बाल प्रशिक्षक, रीमा यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## पोषण पखवाडा अभियान का आयोजन 9 से 23 मार्च तक

**केटी न्यूज/मऊ**

जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पोषण अभियान का शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री की ओर से बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लक्ष्य हेतु किया गया है। पोषण अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जन आंदोलन और सामुदायिक प्रोत्साहन आवश्यक है। प्रत्येक वर्ष बच्चों, किशोरियों एवं महिलाओं में पोषण के स्तर में सुधार के उद्देश्य हेतु माह मार्च में पोषण पखवाडा मनाया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा का आयोजन संबंधित विभागों के कन्वर्जेन्स से मनाया जाता है। पोषण जागरूकता की जन-आन्दोलन की गति बनाये रखने हेतु आगामी 09 मार्च से 23 मार्च 2024 तक पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस वर्ष पोषण पखवाड़ा हेतु निम्न तीन मुख्य थीम निर्धारित किया गया है। पोषण भी पढ़ाई भी। पारम्परिक व स्थानीय आहार प्रथाओं पर केन्द्रित पोषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केन्द्रित किया जाना। गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य व आईवाईसीएफ के साथ-साथ पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत एनीमिया, वॉश तथा डायरिया प्रबंधन सम्बन्धी गतिविधियों का भी आयोजन किया जायेगा। पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम, विकास खण्ड व जनपद स्तर पर कन्वर्जेन्स विभागों के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य-नगर विकास विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं आयुष विभाग की भूमिका रहेगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विकास एजेंडा में पोषण को केंद्र में लाने के लिए पोषण अभियान की शुरूआत की गयी। पोषण अभियान, बच्चों एवं महिलाओं में व्याप्त कुपोषण को दूर करने के लिए विभिन्न विभागों के कन्वर्जेन्स से संचालित एक मिशन है। इसका लक्ष्य स्टंटिंग, अल्प वजन, कम-वजन के शिशु, एनीमिया की दर में कमी लाना है। इस हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जन सहभागिता के माध्यम से जनआन्दोलन लाने का प्रयास किया जा रहा है।




### लखनऊ में पूरे जोश से श्रेया इंटरटेनमेंट और प्रोडक्शंस ने किया कार्यक्रम आयोजित

# टॉप मॉडल्स का कैट वॉक से लेकर तीन गानों की हुई लॉन्चिंग

**केटी न्यूज/लखनऊ**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज लखनऊ के वृंदावन कॉलोनी स्थित आर्नेट बैंक्वेट्स में फैशन फीवर 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें कॉमेडी, रैंप वॉक, म्यूजिकल मस्ती जैसे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिस पर लखनऊ वासी झूमने को मजबूर नजर आए। फैशन फीवर 2024 अपने आप में एक अलग तरह का इवेंट है जिसमें लखनऊ वासियों के लिए पारंपरिक और आधुनिकता का समागम देखने को मिला। इस कार्यक्रम का आयोजन श्रेया इंटरटेनमेंट और प्रोडक्शंस के द्वारा किया गया। फैशन फीवर 2024 का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में श्रेया एंटरटेनमेंट एंड प्रोडक्शंस के हेमंत कुमार राय, श्रेया राय, संगीता राय, शालिनी मिश्रा और यूपी 65 वेब सीरीज के हरि दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर हेमंत कुमार राय ने कहा कि लखनऊ में फैशन वर्ल्ड को स्थापित करने के लिए हमने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। कार्यक्रम में सिर्फ फैशन ही नहीं बल्कि मनोरंजन की विभिन्न गतिविधियां भी लोगों के लिए बेहद अलग फील देने वाली है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में फिल्म इंडस्ट्री तेजी से ग्रो कर रही है। इसी से प्रेरणा लेकर हमने फैशन इंडस्ट्री




को भी यहां स्थापित करने की सोच के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया है जिसे लोगों का बहुत सारा प्यार और उत्साह मिल रहा है। इस आयोजन में यश गुप्ता द्वारा कॉमेडी शो के जरिए लोगों का खूब मनोरंजन किया गया। वहीं जादूगर अर्जुन सरकार ने भी अपनी जादू से फैशन फीवर 2024 में आए युवा पीढ़ियों को बेहद आकर्षित करते नजर आए। इसके अलावा सबसे ज्यादा आकर्षण लखनऊ, बनारस, नोएडा, दिल्ली एवं मुंबई के टॉप मॉडल द्वारा रैंप वॉक रहा। जहां मॉडल ने एक से एक स्टाइलिश परिधान के साथ कैटवॉक किया। मौके पर एक्ट्रेस सिमरन यादव, शिवानी गुप्ता, नेहा फड़के, खुशी द्विवेदी, परी सिंह, शिवन्या, फैशन डिजाइनर आशीष वर्मा और भारतनाट्यम के प्रसिद्ध कलाकार निवेदिता बनर्जी समेत कई गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रेया एंटरटेनमेंट एंड प्रोडक्शन के बैनर तले बने तीन गाने की लॉन्चिंग भी की गई। ये तीन गाने हैं - बम बम भोले, साढ़े साती और भारत की बेटियां। यह तीनों गाने एक से बढ़कर एक है और इसे बेहद खूबसूरती से बनाया गया है।

## सुभाषितम्

दुःख का कारण हमारी चित्तवृत्तिओं का प्रभाव ही है।

- भगवान श्री कृष्ण

# न्यायपालिका में भी दीमक लगने लगी

पहले से ही दल-बदल चुनावी लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करने पर आमादा है। इसी बीच न्याय के क्षेत्र में एक ऐसी घटना हुई है जिसने उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट के एक जज ने एक ऐसा कार्य किया है जो पूरी तरह अक्षम्य है। जज के पद पर रहते हुए वे एक राजनीतक पार्टी के लगातार संपर्क में रहे। ये जज हैं अभिजीत गंगोपाध्याय। हाईकोर्ट से इस्तीफा देते हुये उन्होंने यह स्वीकार किया कि पिछले एक सप्ताह वे लगातार भारतीय जनता पार्टी के संपर्क में हैं। इस्तीफा देते हुये उन्होंने घोषणा की कि वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं और पार्टी में रहेंगे भले ही उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने के लिये टिकट मिले या नहीं। इस्तीफा देते हुये उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भरपूर तारीफ की और कहा कि वे एक अच्छे इंसान हैं और उनके नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है। न्यायपालिका के सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे पूर्ण रूप से अलग-थलग रहे। उनका सामाजिक दायरा अदालत से घर और घर से अदालत तक सीमित रहना चाहिये। गंगोपाध्याय का व्यवहार इसके ठीक विपरीत रहा। पिछले कुछ दिनों से वे एक राजनीतिज्ञ की तरह बात कर रहे थे। अभिजीत से पहले भी अनेक जजों ने त्यागपत्र देने के बाद राजनीति में प्रवेश किया है। वर्षों पहले सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुब्बाराव ने इस्तीफा देकर राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा था। अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गोगोई ने राज्यसभा की सदस्यता स्वीकार की थी। इसके अतिरिक्त भी अनेक न्यायाधीश राजनीति में प्रवेश कर चुके हैं। परंतु वे जब तक न्यायाधीश के पद पर थे तब तक उन्होंने यह अहसास नहीं होने दिया कि वे राजनीति में प्रवेश करने वाले हैं। यह काम सिर्फ अभिजीत गंगोपाध्याय ने किया है। उनके अनुसार वे राजनीति में इसलिए शामिल हो रहे हैं क्योंकि ममता बेनर्जी के शासन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ममता का इतना आतंक है कि लोग भ्रष्टाचार के मामले लेकर अदालत नहीं आ रहे हैं। इसलिये मैंने दूसरा रास्ता अपनाया है। इसके बावजूद न्यायालयीन क्षेत्र के लोग अभिजीत द्वारा उठाये गये कदम को उचित नहीं मान रहे हैं। समस्या कुछ भी हो जजों को उसका हल कानून के रास्ते से निकालना चाहिये। अनेक पूर्व जजों और वरिष्ठ वकीलों ने अभिजीत के कदम को न्यायालयीन परंपरा के विरूद्ध माना है। मेरी भी मान्यता है कि यदि जज पद पर रहते हुये राजनीति करने लगेंगे तो यह प्रजातंत्र को कमजोर करेगा। प्रजातंत्र में पक्षपात स्वाभाविक है परंतु न्यायपालिका तो दूध का दूध और पानी का पानी करती है। यदि जज पक्षपाती होने लगेंगे तो यह नागरिकों के लिये बहुत खतरनाक होगा। इस मामले में राजनीतिक पार्टियों का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण रहा। भाजपा खुलेआम अभिजीत का समर्थन कर रही है। भाजपा ने यह भी स्वीकार किया कि अभिजीत उसके संपर्क में थे। बंगाल भाजपा के अध्यक्ष ने तो यहाँ तक कह डाला कि यदि अभिजीत के समान लोग राजनीति में आते हैं तो यह देश के हित में रहेगा। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने अभिजीत को भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ने वाला योद्धा बताया। यदि वे कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उनका स्वागत होगा। परंतु यदि वे भाजपा में जाते हैं तो सिद्धांतः उनका समर्थन नहीं कर पायेंगे। एक समय चौधरी ने यह भी कह डाला कि यदि अभिजीत जैसे व्यक्ति बंगाल के मुख्यमंत्री बने तो वे इसका स्वागत करेंगे।

## चिंतन-मनन

# नित अभ्यास से दर्शन कर सकते हैं ईश्वर का

सभी शास्त्र कहते हैं कि बिना भगवान को प्राप्त किये मुक्ति नहीं मिल सकती है। इसलिए भगवान की तलाश के लिए कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो कोई मस्जिद, कोई गुरूद्वारा, तो कोई गिरजाघर। लेकिन इन सभी स्थानों में जड़ स्वरूप भगवान होता है। अर्थात ऐसा भगवान होता है जिसमें कोई चेतना नहीं होती है। असल में भगवान की चेतना तो अपने भक्तों के साथ रहती है इसलिए मंदिर में हम जिस भगवान को देखते हैं वह मौन होकर एक ही अवस्था में दिखता है। जब हमारी चेतना यानी इन्द्रियां अपने आस-पास ईश्वर को महसूस करने लगती है तब हम जहां भी होते हैं वहीं ईश्वर प्रकट दिखाई देता है। उस समय भगवान को ढूंढने के लिए मंदिर या किसी तीर्थ में जाने की आवश्यकता नहीं होती है। जब व्यक्ति इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है तब व्यक्ति के साथ चल रही भगवान की चेतना व्यक्ति के मंदिर में प्रवेश करने पर मंदिर में मौजूद ईश्वर की प्रतिमा में समा जाती है और मूक बैठी मूर्ति बोलने लगती है। यह उसी प्रकार होता है जैसे मृत शरीर में आत्मा के प्रवेश करने पर शरीर में हलचल होने लगती है। शरीर की क्रियाएं शुरू हो जाती है। मंदिर में विराजमान मूर्ति वास्तव में एक मृत शरीर के समान है। मृत की पूजा करें अथवा न करें उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी श्रद्धा और भक्ति की अनुभूति वही कर सकता है जिसमें चेतना हो प्राण हो। इसलिए तीर्थों में भटकने की बजाय जिस देवता की उपासना करनी हो उसे अपनी आत्मा से ध्यान करें उनकी आत्मा अर्थात परमात्मा से संपर्क करें, परमात्मा की पूजा करें तो, जो फल वर्षों मंदिर यात्रा से नहीं मिल सकता, वही फल कुछ पल के ध्यान से मिल सकता है।
कबीर दास जी ने इसी बात को अपने दोहे में कहा है
मोको कहाँ ढूंढे रे बंदे ,मैं तो तेरे पास में , ना तीरथ में ना मूरत में, ना एकांत निवास में , ना मंदिर में ना मस्जिद में ,ना काशी कैलास में , मोको कहाँ ढूंढे रे बंदे ,मैं तो तेरे पास में , ना मैं जप में ना मैं तप में, ना मैं ब्रत उपबास में , ना मैं किरिया करम में रहता नहीं जोग सन्यास में , मोको कहाँ ढूंढे रे बंदे ,मैं तो तेरे पास में।।

# क्यों महिलाएं अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं?

-डॉ नीलम महेंद्र

जिस दिन किसी भी क्षेत्र में आवेदक अथवा कर्मचारी को उसकी योग्यता के दम पर आंका जाएगा ना कि उसके महिला या पुरुष होने के आधार पर, तभी सही मायनों में हम महिला दिवस जैसे आयोजनों के प्रयोजन को सिद्ध कर पाएंगे। ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परमसौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम,त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में आनपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरूष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र द्दष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानीयां भी थी जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे



गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पढ़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल समाजसेवा हो या राजनीति महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं।आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तसवीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52 वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं। जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति औ? स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं। और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं। क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन पर खत्म हो जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि जब हम महिलाओं के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम उनके साथ होने वाले लैंगिग भेदभाव की बात कर रहे होते हैं। इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिग भेदभाव केवल महिलाओं द्वारा पुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तो अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। लेकिन सच्चाई तो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रही हैं। दरअसल महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब हम महिला अधिकारों के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो उसके मूल में एक वैचारिक चिंतन होता है कि एक सभ्य और विकसित समाज अथवा परिवार अथवा एक व्यक्ति के रूप में महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार समान,हमारी सोच समान, हमारा दृष्टिकोण समान, समान कार्य के लिए उन्हें दिया जाने वाला वेतन पुरुष के समान और जीवन में आगे जाने के लिए उन्हें मिलने वाले अवसर समान रूप से उपलब्ध हों। जिस दिन किसी भी क्षेत्र में आवेदक अथवा कर्मचारी को उसकी योग्यता के दम पर आंका जाएगा ना कि उसके महिला या पुरुष होने के आधार पर, तभी सही मायनों में हम महिला दिवस जैसे आयोजनों के प्रयोजन को सिद्ध कर पाएंगे।

# न्यायपालिका की निष्पक्षता दांव पर

- सनत जैन

**वहां की हाईकोर्ट से भाजपा के पक्ष में जो फैसले आ रहे हैं। उसके बाद से न्यायपालिका की साख को लेकर सारे देश में असमंजस का माहौल बनने लगा है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में किस तरह का फैसला कौन सा जज देगा। इसका अनुमान पहले ही लगा लिया जाता है। न्यायपालिका के ऊपर सरकार का भय, दबाव और विचारधारा को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं।**

कोलकाता हाईकोर्ट के पूर्व जज अभिजीत गंगोपाध्याय द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने और चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उसके बाद न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर एक बार फिर सारे देश में बवाल शुरू हो गया है। उनका इस्तीफा मंजूर भी नहीं हुआ था। उसके पहले ही उन्होंने कह दिया, कि वह भाजपा के संपर्क में थे। वह लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में उन्होंने ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पार्टी के प्रवक्ताओं के खिलाफ खुलकर आलोचना की। पिछले दो वर्षों में उन्होंने जो फैसले दिए उसमें से लगभग 14 फैसला पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ थे। हाईकोर्ट में उनके द्वारा दिए गए फैसले एक राजनैतिक पार्टी के पक्ष में गये। न्यायाधीश के पद पर रहते हुए उन्होंने मीडिया मे टीएमसी सरकार की आलोचना की। हाईकोर्ट के न्यायाधीश रहते हुए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को भी नोटिस जारी करने में कोई कोताहि नहीं बरती। इससे स्पष्ट है, कि उनके केंद्र सरकार से जुड़े हुए तार बहुत मजबूत थे। पश्चिम बंगाल हाई कोर्ट में जज रहते हुए उनके फैसले उनका व्यवहार और अब वहीं से लोकसभा का चुनाव लड़ने की घोषणा से, न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। सुप्रीम कोर्ट के जिन पांच जजों ने राम मंदिर निर्माण का फैसला सुनाया था। उन जजों में पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई, पूर्व सीजेआई शरद अरविंद बोबडे, वर्तमान सीजे डीवाई चंद्रचूड़ पूर्व न्यायाधीश अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल थे। पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य हैं। उन्हें भाजपा ने मनोनीत किया। डीवाई चंद्रचूड़ वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश है। न्यायाधीश एस अब्दुल नजीर को राज्यपाल बनाया गया है। राम मंदिर निर्माण का फैसला देने वाले सभी जज सेवा निवृत्ति के बाद सरकार द्वारा तुरंत उपकृत किए गए हैं। अभी तक हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की राजनीतिक निष्ठा और उनके फैसलों को लेकर दबे छुपे प्रतिक्रिया आती रही है। जिस तरह से अभिजीत गंगोपाध्याय ने समय पूर्व सेवा निवृत्ति लेकर भाजपा से लोकसभा का चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। पिछले दो वर्षों में उन्होंने जो फैसला ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ हुए हैं वह विवाद में आ गये है। क्या हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से निष्पक्ष न्याय मिलना संभव नहीं रहा। हालांकि यह भी कहा जाता है, कि कभी कोई व्यक्ति निष्पक्ष नहीं होता है। न्यायाधीश भी कहीं ना कहीं किसी विचारधारा या आस्था से बंधा हुआ होता है। इसके बाद भी गुण दोष के आधार पर न्यायपालिका नियमों को ध्यान में रखते हुए निर्णय करती है। हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के प्रति लोगों की आस्था बनी हुई थी। अब जिस तरह के निर्णय न्यायापालिका में केंद्र सरकार और राज्य सरकारें जहां भाजपा की सरकारे हैं। अथवा जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वहां की हाईकोर्ट से भाजपा के पक्ष में जो फैसले आ रहे हैं। उसके बाद से न्यायपालिका की साख को लेकर सारे देश में असमजंस का माहौल बनने लगा है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में किस तरह का फैसला कौन सा जज देगा। इसका अनुमान पहले ही लगा लिया जाता है। न्यायपालिका के ऊपर सरकार का भय, दबाव और विचारधारा को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मुखर होकर डायस पर बैठकर जिस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं, आधे अधूरे फैसला दे रहे हैं। जमानत के मामले कई महीनों और वर्षों तक पेंडिंग रखे जा रहे हैं। उससे न्यायपालिका की साख आम जनता के मन में खत्म होती जा रही है। न्यायाधीशों का राजनीति के मैदान में उतरना, सेवा निवृत्ति के तुरंत बाद या समय पूर्व इस्तीफा देकर राजनीति में आना न्यायपालिका की विश्वसनीयता को खत्म कर रहा है। गंगोपाध्याय का यह कहना कि उसके भाजपा नेताओं के साथ पहले से ही संपर्क बने हुए थे। इससे बड़ी अनैतिकता और क्या हो सकती है। कार्यपालिका और विधायिका द्वारा किए गए कार्यों के बारे में न्यायपालिका द्वारा ही सही या गलत का निर्णय किया जाता है। लगभग 80 फीसदी मुकदमे में सरकार संबधित होते है। प्रभावित व्यक्ति न्यायालयों से न्याय मिलने की आशा रहती थी। हाईकोर्ट ओर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश यदि सरकार के दबाव में आकर या सरकार से प्रभावित होकर फैसला करने लगेंगे। तो संविधान और लोकतंत्र को सुरक्षित रख पाना संभव नहीं होगा। वर्तमान में जांच एजेंसियां और सरकारी विभाग मनमानी कर रहे हैं। लोगों को महीनो और वर्षों तक जेलों में बंद करके रखा जा रहा है। सरकार की आलोचना करने पर नागरिकों को देशद्रोह के आरोप में वर्षों तक जेलों में बंद रखा जा रहा है। न्यायपालिका का सिद्धांत है, जेल अपवाद है, जमानत नागरिक का अधिकार है। यदि यह अधिकार खुद न्यायपालिका छीन रही है। ऐसी स्थिति में अब न्यायपालिका और नागरिक के भाग्य का भगवान ही मालिक है। जब-जब इस तरीके की स्थितियां पैदा होती हैं। उसके बाद अराजकता बढ़ती है। लोग कानून को अपने हाथ में लेने लगते हैं। सरकार और जनता के बीच में विरोध बढ़ता है। कानून व्यवस्था की स्थिति और सामाजिक तथा आर्थिक विकास भी बाधित होता है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को सेवा निवृत्ति के बाद राजनीति के क्षेत्र में आना ही नहीं चाहिए ।यदि आते भी हैं तो कम से कम 3 साल से 5 साल तक की समयावधि का बंधन भी होना चाहिए यदि ऐसा नहीं किया गया, तो न्यायपालिका पर लोगों का विश्वास नहीं रह जाएगा। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए बहुत खराब होगी ।लोकतंत्र के स्थान पर राजतंत्र की जडें मजबूत होती चली जाएंगी।

# क्या ऑनलाइन शापिंग भी असर डाल सकती है पर्यावरण पर ?

- रमेश शर्मा

आधुनिक उपभोक्तावाद के युग में तेजी से बढ़ता ऑनलाइन शॉपिंग बाजार ग्राहकों के लिए तो काफी सुविधाजनक हो रहा है, मगर यह भी एक सच्चाई है कि इस क्षेत्र में उपयोग होने वाले पैकेजिंग कॉर्टन बनाने में करोड़ों वृक्षों की बलि चढ़ जाती है। कोविड की महाभारी के साथ पूरी दुनिया में जिस तेजी से ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढ़ा है, उसने नए-नए रिकार्ड कायम कर दिए हैं। खास बात तो यह है कि कोविड के बाद भी ऑन- लाइन शॉपिंग के चलन ने बेहिसाब तरक्की हासिल की है। अभी भी इस सेक्टर ने अपनी गति बनाई रखी है। हालात तो ये है कि अब ऑनलाइन शॉपिंग लोगो की लत बन चुकी है। पिछले एक दशक से तो ऑन लाइन शॉपिंग ने वैश्विक स्तर पर बढ़ी तेजी से प्रगति हासिल की है। अमेजान, वालमार्ट इत्यादि बड़ी कंपनियों के साथ-साथ कई छोटी बड़ी कंपनियों ने ऑनलाइन व्यवसाय को अपनाकर रिकार्ड तोड़ विक्री हासिल की है और करती जा रही हैं। डिजिटल क्रांति के दम पर फैलता बाजार पूरी दुनिया में एक अलग मुकाम हासिल कर रहा है। कुछ साल पहले का परिदृश्य देखें तो वैश्विक स्तर पर जून 2020 में वैश्विक खुदरा ई-वाजार 26 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। इसके बाद आने वाले वर्षों में भी इसमें कमी नही आई क्योंकि 2020 के बाद से ई- कॉमर्स मार्केट से खरीदना लोगो की लत मे तब्दील हो चुका है। - बढ़ता ई- कामर्स बाजार, मगर पर्यावरण के लिए नुकसानदेह यह बाजार आर्थिक नजरिए से तो से काफी अच्छा है, मगर इसकी पृष्ठभूमि में जाएं तो हमारे पृथ्वी ग्रह के पर्यावरण के लिए ये बाजार बहुत नुकसान-देह है। प्रोडक्ट पैकेजिंग काफी तादाद में कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन करती है। शिपिंग कार्टन की अगर 240 मिलियन टन का निर्माण होता है तो उसमें 30 करोड़ पेड़ो को गूदे में बदल दिया जाता है। अगर 86 मिलियन टन प्लास्टिक पैकेजिंग का निर्माण किया जाए तो उसमें से बमुश्किल 14 फीसदी ही रिसाइकल किया जाता है। वैश्विक स्तर के ये आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं। अब अगर शिपिंग उत्सर्जन को देखें, तो ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए ये हमारे पर्यावरण पर भारी नुकसान करता है। ई-कॉमर्स गुड्स के परिवहन पर अगर वैश्विक स्तर पर दृष्टि डालें तो इस परिवहन से बेहिसाब मात्रा में कार्बन डाइ आक्साइड का उत्सर्जन होता है। वर्ष 2020 में शिपिंग और उत्पाद वापसी में कुल ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन का 97 प्रतिशत हिस्सा था। ग्राहकों की सुविधा लेने की आदत ऐसी ही रही तो 2030 तक डिलीवरी करने वाली गाड़ियों की संख्या 7.2 मिलीयन वाहनों तक पहुंच जाएगी। नतीजा ऐसा होगा कि 6 मिलियन टन से ज्यादा कार्बन डाइ आक्साइड गैस उत्सर्जित होगी जो पूरी दुनिया के पर्यावरण को भारी मात्रा में प्रदुषित करेगी। ग्राहकों की ऑनलाइन शापिंग की लत में तो कभी नहीं आएगी, मगर शिपिंग मात्र ही एक समस्या नही है। समस्या प्रोडक्ट रिटर्न की भी है। अगर 2030 के आने वाले आंकड़ों को नजर अंदाज किया गया और ऑनलाइन शापिंग के चलन में प्रोडक्ट पैकेजिंग पर ध्यान ना देकर किसी विकल्प की तलाश नहीं करी गई तो पूरी दुनिया को भारी प्रदूषण का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज सम्मान की प्राप्ति होगी और भाग्य में वृद्धि होगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी। | **तुला** आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। |
| **वृषभ** नई योजनाओं में आपका मन लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से आपको सुकून मिलेगा। | **वृश्चिक** आज लाभ का दिन है। आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत होगी। |
| **मिथुन** किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और रुके कार्य पूर्ण होंगे। | **धनु** दिन सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो लाभ होगा। |
| **कर्क** दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल आपको लाभ देगा। | **मकर** आज आर्थिक लाभ का दिन है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और साझे में किया व्यापार सफल होगा। |
| **सिंह** धर्म आध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। | **कुंभ** आज का दिन सावधानी और सतर्कता से रहने वाला है। खानपान में लापरवाही न बरतें। |
| **कन्या** धन में वृद्धि होगी। कोई भी काम सोचकर करें। आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। | **मीन** आज लाभ होगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। |

## विशेष

### नेताओं के बयानों पर विवाद या ध्रुवीकरण

चुनाव के दौरान नेताओं के बयान विवादों में आते हैं। लेकिन अब बयान विपक्षी पार्टियों के साथ-साथ खुद की पार्टी में भी विवाद का विषय बन रहे हैं। विशेष रूप से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों द्वारा जो बयान दिए जा रहे हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य पार्टियों उसका विरोध कर रही हैं। डीएमके ए राजा के बयान का विरोध कांग्रेस पार्टी कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जो बयान दे रहे हैं। उसका विरोध उनकी पार्टी के साथ-साथ सहयोगी दल भी कर रहे हैं। उदय निधि स्टालिन ने सनातन को एक बीमारी बता दिया है। राहुल गांधी के बयान की जय श्री राम बोलते हुए भूख में मर जाएगें। मोबाइल की लत को लेकर जो उन्होंने बयान दिए हैं। इंडिया गठबंधन के बीच में कोई संवाद नहीं है? इस तरह की आशंकाएं भी अब चुनाव के पहले देखने को मिलने लगी हैं। बहरहाल नेताओं के बयानो से लोकसभा चुनाव का बाजार गर्म है।

### तमिलनाडु में बन रहा है भाजपा का आधार

डीएमके नेता के सनातन वाले बयान के बाद तमिलनाडु में, भाजपा सनातन को आधार बनाकर भाजपा का जनाधार बनाने में जुट गई है। तमिलनाडु के ब्राह्मण एकजुट हो गए हैं। मंदिरों में इन्हीं का कब्जा है। यहां के ब्राह्मण और उच्च वर्ग का हिंदू समुदाय, भाजपा और मोदी के लिए काम कर रहे हैं। जिस तमिलनाडु में अभी तक भाजपा के पास कोई जनाधार नहीं था। उस तमिलनाडु में अब भाजपा का जनाधार बनना शुरू हो गया है।

## कार्टून कोना




1566 : स्काट्स की रानी मेरी के निजी सचिव डेविड रिज्जो की हत्या हुई. 1775 : पुर्तगाल और स्पेन का युद्ध समाप्त हुआ. 1846 : लाहौर संधि के बाद सिख अंग्रेज युद्ध समाप्त हुआ. 1858 : अंतिम मुगल शासक बहादुर शाह जफर को रंगून से निष्कासित कर दिया गया. 1876 तुर्की के सैनिकों बल्गारियाई लोगों का संहार किया. 1905 : पान ने मुकदेन में रूसी फौजों को शिकस्त दी. 1942 द्वितीय विश्व युद्ध में जापानियों ने डचों के कब्जे वाले लावा द्वीप पर अधिकार कर लिया. 1१959 मोसुक (इराक) में निक विद्रोह असफल हो गया. 1976 : इटली के टेंटों शहर में केबल कार दुर्घटना में 42 व्यक्ति मारे गए. 1986 उपग्रह आधारित दूरभाष संचार का विधिवत उद्घाटन हुआ.

## दैनिक पंचांग

09 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.34 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मेष | 08.04 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.44 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.42 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 13.56 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.12 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.24 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.35 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.49 ब.से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | धनु | 01.05 बजे से |
| | | मकर | 03.10 बजे से |
| | | कुंभ | 04.57 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 69 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 18.18 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 07.55 बजे तदनन्तर शतभिषा 04.56 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** सिद्ध 20.32 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 08.10 बजे, शकुनि 18.18 बजे तदनन्तर चतुष्पद 04.25 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 23' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871913 **जूलियन दिन** 2460378.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सावान **तारीख** 27

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# इन चीजों में छिपे हैं आंखों का चश्मा हटाने वाले गुण

**अगर आप आंखों की रोशनी बढ़ाकर चश्मा हटाना चाहते हैं तो 6 पोषक तत्वों को लेना शुरू कर दें। आइए जानते हैं कि ये न्यूट्रिशन किन फूड्स में छिपे होते हैं।**

पोषण की कमी से आंखों की रोशनी कमजोर हो जाती है और समय से पहले चश्मा चढ़ जाता है। आजकल ये समस्या इतनी आम हो गई है कि बच्चों की आंखों पर भी चश्मे का बोझ आ गया है। मगर क्या आप जानते हैं कि कुछ फूड्स खाने से इस चश्मे को उतारा जा सकता है।

## आंखों का चश्मा कैसे हटाएं?

खाने की इन चीजों में आंखों के लिए फायदेमंद एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। कुछ विटामिन और मिनरल को एंटीऑक्सीडेंट कहा जाता है। ये सेल्स और टिश्यू को हेल्दी रखने में मदद करते हैं और आंखों की समस्या को खत्म या धीमा कर देते हैं।

## ल्यूटिन और जेक्सैंथिन

ये तत्व आंखों को रोशनी से होने वाली डैमेज से बचाते हैं। इन्हें पाने के लिए अंडा, केल, पालक, शलजम के पत्ते, ब्रॉकली, कॉर्न, गार्डन पीस, ब्रूसेल स्प्राउट्स आदि का सेवन करें।

## विटामिन सी फूड

विटामिन सी को एस्कोर्बिक एसिड भी कहा जाता है। यह पोषक तत्व ऑक्सीजन का इस्तेमाल और आंखों के अंदर इसके लेवल को बनाए रखने में मदद करता है। यह कीवी, लाल-हरी शिमला मिर्च, टमाटर, ब्रॉकली, पालक और अमरूद, चकोतरा और संतरे के जूस में मिलता है।

## एसेंशिएल फैटी एसिड

फैटी एसिड दिमाग के साथ आंखों के लिए भी फायदेमंद होते हैं। अगर आप इन्हें पाना चाहते हैं, तो सैल्मन मछली, सार्डिन मछली, फ्लैक्स सीड्स, सोयाबीन और अखरोट का सेवन करें।

## विटामिन ई फूड

यह विटामिन आंखों को फ्री-रेडिकल से बचाता है। इसे पाने के लिए वेजिटेबल ऑयल, नट्स, हरी पत्तेदार सब्जी, शकरकंद, एवोकाडो और साबुत अनाज का सेवन जरूर करें।

## विटामिन ए और बीटा कैरोटीन

हमारा शरीर बीटा कैरोटीन को विटामिन ए के रूप में बदलता है। यह आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए काफी फायदेमंद है। गाजर, शकरकंद, टिंडा, अंडे और हरी पत्तेदार सब्जियों को नियमित खाने से यह मिलता है।









### नेचुरल तरीके से बढ़ाएं

# विटामिन बी12 और विटामिन डी

**अगर दवा-सप्लीमेंट खाने के बाद भी शरीर में विटामिन बी12 और विटामिन डी की कमी है तो योगा की मदद लें। यह नैचुरल तरीके से इन दोनों विटामिन की कमी खत्म कर देगा।**

आजकल काफी लोगों में विटामिन बी12 और विटामिन डी की कमी देखी जा रही है। विटामिन बी12 की कमी होने पर सिरदर्द, नसों में दर्द, थकान, सांस फूलना, कमजोर याददाश्त आदि हो जाती है। वहीं, विटामिन डी की कमी के कारण बार-बार बीमार पड़ना, कमजोर हड्डियां, डिप्रेशन आदि हो सकता है। इन दोनों विटामिन की कमी का मुख्य कारण पोषण का अवशोषण ना होना है। इसके पीछे कई सारी वजहें हो सकती हैं, जैसे- खराब पाचन, शारीरिक गतिविधि की कमी, जंक फूड का सेवन आदि। योगा टीचर जूही कपूर ने विटामिन डी और विटामिन बी12 को बढ़ाने का नैचुरल तरीका बताया है।

## विटामिन बी12 और विटामिन डी कैसे बढ़ाएं?

पृथ्वी मुद्रा से बढ़ेंगे दोनों विटामिन
योग टीचर के अनुसार, हर दिन सिर्फ 10 मिनट पृथ्वी मुद्रा करने पर पोषण का अवशोषण बढ़ जाता है। यह शरीर में पृथ्वी तत्व को बढ़ाने में मदद करती है, जिससे अंग, हड्डी और मसल्स की ताकत बढ़ती है। हालांकि, इसे करने से पहले या बाद में 1 घंटे तक खाना नहीं खाना चाहिए।

## पृथ्वी मुद्रा करने की विधि

- सबसे पहले किसी शांत जगह सुखासन में बैठ जाएं।
- कमर, पीठ और गर्दन को एक सीध में रखें।
- अब दोनों हाथों की अनामिका उंगली (छोटी उंगली के बराबर वाली) और अंगूठे की टिप को आपस में मिलाएं।
- बाकी उंगलियों को सीधा और रिलैक्स रखें।
- अब हथेली आसमान की तरफ करके हाथों को घुटनों पर टिका लें।
- फिर 10 मिनट आंख बंद करके गहरी सांस लें और ध्यान लगाने की कोशिश करें।
- डाइट और लाइफस्टाइल का भी रखें ध्यान
- एक्सपर्ट के अनुसार, डाइट और लाइफस्टाइल को हेल्दी रखना महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसके बिना विटामिन बी12 और विटामिन डी बढ़ाने का कोई भी तरीका कामयाब नहीं हो सकता है।

### विटामिन बी12 के फूड्स

इसे बूस्ट करने के लिए दही, छाछ, डोसा, घर का बना अचार और सलाद खाएं। ऐसा करने से गट बैक्टीरिया बढ़ते हैं और शरीर अपने आप विटामिन बी12 का उत्पादन करने लगता है।

### विटामिन डी बढ़ाने के टिप्स

हर दिन कम से कम 30 मिनट की धूप जरूर लें। आप सुबह 9 बजे से पहले और 4 बजे के बाद धूप ले सकते हैं। इस दौरान आपको सफेद रंग के कपड़े पहनने से बेस्ट रिजल्ट मिलता है।



# पपीता खाने से हो सकती है लाइलाज बीमारी

**पपीता खाने से कब्ज की समस्या दूर होती है। लेकिन इसका अत्यधिक सेवन करने पर कुछ दुष्प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। आइए इन साइड इफेक्ट्स के बारे में जानते हैं।**

पपीता पेट के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। जिन लोगों को कब्ज रहती है, उन्हें इसका सेवन करने की सलाह दी जाती है। वैसे तो पपीता खाने से फायदे ही मिलते हैं। मगर कुछ लोगों को या गलत तरीके से खाने पर नुकसान भी झेलने पड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि कच्चा या अत्यधिक पपीता खाने के साइड इफेक्ट क्या हैं?

## पपीते से हो सकती है लाइलाज बीमारी

प्रकाशित शोध के अनुसार पपीते के पौधे में एलर्जी करने वाले पराग होते हैं। कई बार ये पराग पपीते के साथ आ जाते हैं और अस्थमा जैसी लाइलाज बीमारी बना सकते हैं। ये खतरा एलर्जी से ग्रसित लोगों को होता है। इस बीमारी में सांस लेने के दौरान सीटी की आवाज आना, सांस फूलना, सीने में जकड़न आदि महसूस हो सकती है।

## किडनी की पथरी की समस्या

पपीते के अंदर भारी मात्रा में विटामिन सी होता है। कई शोध बताते हैं कि इसका अत्यधिक सेवन करने पर उन लोगों के लिए परेशानी बढ़ सकती है, जिन्हें पहले से ही किडनी की पथरी है। ऐसे लोगों को पपीते का कम सेवन करना चाहिए।

## पेट हो सकता है खराब

पपीता जितना पेट के लिए अच्छा है, उतना ही नुकसानदायक भी हो सकता है। क्योंकि इसमें प्रचुर फाइबर होता है और यह अत्यधिक होने पर पाचन को खराब कर सकता है। इसकी वजह से अपच, पेट फूलना, गैस जैसी दिक्कत हो सकती है।

## गर्भवती महिलाओं के लिए खतरनाक

गर्भवती महिलाओं को कच्चा पपीता नहीं खाना चाहिए। उनके लिए यह खतरनाक होता है। इसमें पैपेन और लैटेक्स होते हैं, जो अनचाहे गर्भपात का कारण बन सकते हैं।



# पुरुषों की सेहत के लिए बेस्ट माने जाते हैं ये फूड्स

**पुरुषों को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने के लिए विभिन्न प्रकार के फूड्स का सेवन करना चाहिए। सामान्य तौर पर देखा जाए तो पुरुषों के शरीर को विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों की आवश्यकता महिलाओं की अपेक्षा अधिक मात्रा में होती है। इसलिए डायट को विभिन्न प्रकार के फूड्स से मेंटेन करते हुए पुरुषों को इनका सेवन करना चाहिए। यहां पर आपको ऐसे ही फूड्स के बारे में जानकारी दी जा रही है। इनका नियमित रूप से सेवन करने के कारण आपके शरीर को कई प्रकार की बीमारियों का खतरा भी काफी हद तक कम हो जाता है।**

## एवोकाडो

एवोकाडो एक ऐसा फल है जो बॉडीबिल्डिंग के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के पौष्टिक तत्वों की भी पूर्ति करता है। इसमें मौजूद प्रोटीन की मात्रा नई मांसपेशियों के निर्माण में भी काफी सहायता प्रदान करती है। वहीं, शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को संतुलित बनाए रखने के लिए भी एवोकाडो का सेवन फायदेमंद माना जाता है।

## शहद

शहद एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ त्वचा को निखारने के लिए भी काम आता है। एक सुपरफूड के रूप में इसका नियमित रूप से किया गया सेवन कई प्रकार की बीमारियों के जोखिम को कम कर देता है। इसलिए शहद का सेवन भी नियमित रूप से कर सकते हैं।

## शिलाजीत

जिन पुरुषों की पौरुष शक्ति काफी कमजोर होती है, उन्हें ऐसे फूड का सेवन करना चाहिए जिसके कारण टेस्टोस्टेरोन हार्मोन को बढ़ाने में मदद मिले। शिलाजीत एक ऐसा ही खाद्य पदार्थ है जो पौरुष शक्ति को मजबूत करने और टेस्टोस्टेरोन हार्मोन को बढ़ाने के लिए प्रभावी रूप से कार्य करता है। इसलिए पुरुषों को शिलाजीत का सेवन करने के बारे में भी जरूर सोचना चाहिए।

## सेब

इस फल का सेवन ना केवल पुरुषों को बल्कि बच्चों से लेकर महिलाओं को भी प्रतिदिन करना चाहिए। डॉक्टरों के द्वारा भी सेब का सेवन नियमित रूप से करने की सलाह दी जाती है। यह एक बेहतरीन फल के रूप में हमारे शरीर को लगभग सभी प्रकार के पौष्टिक तत्वों को प्रदान करने की क्षमता रखता है। इसलिए नाश्ते में सेब को भी अपनी डायट का हिस्सा बनाएं।

## अंडा

पौष्टिक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ सेहत के लिए विभिन्न प्रकार से फायदेमंद अंडे का सेवन करने की सलाह डॉक्टर के द्वारा भी दी जाती है। वहीं, जिन पुरुषों को बॉडीबिल्डिंग का शौक है, उनके लिए अंडा डायट का आवश्यक हिस्सा होता है। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन-डी हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है।

# शरीर को खोखला बना देती हैं ये आदतें

**रोजाना की कुछ आदतें आपको बीमार बना सकती हैं, चिंता की बात यह है कि इन पर किसी का ध्यान नहीं जाता है, अगर आपको बीमार होने से बचना है, तो इन आदतों में सुधार कर लें।**

बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आदतों को अपनाना जरूरी है। साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखना और खाने-पीने से जुड़ी गंदी आदतें शरीर को बीमार कर सकती हैं। कई लोग खाने-पीने का खास ध्यान रखते हैं और स्वस्थ आदतों का पालन करते हैं, बावजूद इसके वो बीमार रहते हैं। आपनी कभी सोचा है इसकी पीछे क्या कारण हो सकता है?

दरअसल खाने-पीने और स्वच्छता से जुड़ी ऐसी कई आदतें हैं जिन पर बहुत से लोगों का ध्यान नहीं जाता। नतीजन आपको कई गंभीर रोगों का खतरा हो सकता है। उदाहरण के लिए खाने के तुरंत बाद ब्रश करना, अधपके चावल खाना, रखा-रखा पका हुआ आलू खाना और टाइट कपड़े पहनना। यह ऐसे काम हैं जिन पर अधिकतर लोगों का ध्यान नहीं जाता है और यही आदतें आगे चलकर आपके शरीर को अंदर से बीमार कर सकती हैं। जाने-अनजाने में आपकी कौन-कौन सी आदतें आपके शरीर में जहर घोल रही हैं।

## अधपके चावल खाना

यह बात आपको चौंका सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चावल में बी. सेरियस जैसे खतरनाक बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो आमतौर पर मिट्टी में पाए जाते हैं। इन बैक्टीरिया को लेकर पके चावल के साथ कोई समस्या नहीं लेकिन अधपके या कच्चे चावल में यह बैक्टीरिया नहीं मरते हैं।

## भोजन के बाद ब्रश करना

बेशक खाने के बाद ब्रश करना चाहिए लेकिन खट्टी चीजों को खाने के तुरंत बाद दांतों को ब्रश करने से उनका इनेमल डैमेज हो सकता है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, खट्टी चीजें खाने के तुरंत बाद ब्रश करना हानिकारक है। आपको खाने के कम से कम 30 मिनट बाद ब्रश करना चाहिए या पानी पीना चाहिए।

## मुंह धोने के लिए इस तरह के नल के पानी का इस्तेमाल

नल का पानी स्किन डैमेज कर सकता है। आपको अपने पानी के पीएच लेवल की जांच करनी चाहिए। यह 4.7 के आसपास होना चाहिए। अगर इसका पीएच लेवल 5 से ऊपर है, तो त्वचा को नुकसान होता है। दूसरा, नल के पानी में मौजूद सभी कठोर खनिज जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन ब्रेकआउट और ड्राई स्किन का कारण बन सकते हैं।

## बहुत दिनों से रखे पुराने आलू खाना

आलू पोटेशियम और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों का एक बड़ा स्रोत है। लेकिन पुराने रखे आलू को लेकर बहुत सावधान रहने की जरूरत है। वेबएमडी के अनुसार, आलू में सोलनिन जैसे जहरीले तत्व होते हैं। इनके बढ़ने से ही आलू का अंदर का हिस्सा हरा होता है। इन्हें खाने आपके पेट में दर्द, उल्टी और बुखार जैसी समस्याएं और कुछ दुर्लभ मामलों में इससे लकवा भी हो सकता है।

## टाइट फिटिंग कपड़े पहनना

टाइट कपड़े पहनने से आपको गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिसऑर्डर का खतरा हो सकता है। टाइट-फिटिंग कपड़े पेट और आंतों पर दबाव डालते हैं जिससे पाचन तंत्र धीमा हो सकता है। साथ ही यह यीस्ट इन्फेक्शन और नसों में दर्द का कारण बन सकता है।



## माइक्रोवेव पॉपकॉर्न खाना

फिल्म देखते हुए पॉपकॉर्न खाना भला किसे पसंद नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि माइक्रोवेव पॉपकॉर्न को स्वादिष्ट बनाने के लिए डायसेटाइल नामक एक रसायन का इस्तेमाल होता है, जो सीधे रूप से आपके फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है।





## संक्षिप्त समाचार

### 42वीं बार डिविडेंड देगी सरकारी कंपनी, रिकॉर्ड डेट तय, 3 बार बोनस शेयर का मिला है तोहफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को लेकर बड़ी खबर आ रही है। कंपनी 42वीं बार डिविडेंड दे सकती है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया है। कंपनी के एक शेयर का भाव गुरुवार को 2.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 215.40 रुपये के लेवल पर था। गुरुवार यानी 7 मार्च 2024 को कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया है कि 15 मार्च 2024 को बोर्ड की बैठक होगी। इस दिन कंपनी के बोर्ड के सदस्य दूसरे अंतरिम लाभांश पर फैसला करेंगे। अगर बोर्ड की सहमति बनती है तो कंपनी डिविडेंड के लिए 23 मार्च 2024, दिन शनिवार की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय मानेगी। यानी इस दिन कंपनी डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट खंगालेगी। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड 9 फरवरी 2024 को आखिरी बार एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब कंपनी ने एक शेयर पर 0.70 रुपये का डिविडेंड दिया था। कंपनी 2015, 2017 और 2022 में बोनस शेयर बांट चुकी है। 2022 में कंपनी ने 1 शेयर पर 2 बोनस शेयर योग्य निवेशकों को दिया था। पिछले 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 53 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एक साल से स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 123 प्रतिशत का लाभ मिल चुका है। बता दें, बीते एक महीने में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों का भाव 18.4 प्रतिशत बढ़ा है।

### 1 शेयर पर 2 बोनस शेयर दे रही है कंपनी, 3 महीने में पैसा किया डबल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ महीनों के दौरान जिन कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में महज 3 महीने के दौरान 100 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। बता दें, अब कंपनी ने 2 बोनस शेयर देने का फैसला किया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले 2 शेयरों पर 1 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। कंपनी ने इस बोनस इश्यू के लिए अभी रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं है। हालांकि, कंपनी ने कहा है कि बोनस इश्यू के ऐलान से 2 महीने के अंदर ही इसे योग्य निवेशकों को क्रेडिट कर दिया जाएगा। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में कंपनी रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर देगी। गुरुवार को कंपनी के शेयरों में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया था। जिसके बाद कंपनी के शेयरों का भाव 240.45 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। यह कंपनी का नया 52 वीक हाई है। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 39 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 3 महीने से होल्ड करने वाले इनवेस्टर्स को अबतक 122.30 प्रतिशत का लाभ मिला है।

### पहले ही दिन दोगुना होगा पैसा, 75 रुपये के शेयर पर 88 रुपये का फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आईपीओ में पैसे लगाने की सोच रहे हैं तो एक और कंपनी का इश्यू खुलने जा रहा है। यह प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स का आईपीओ है। कंपनी का आईपीओ 11 मार्च 2024 को दांव लगाने के लिए ओपन होगा और यह 13 मार्च तक खुला रहेगा। प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 36 करोड़ रुपये का है। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स के आईपीओ का प्राइस बैंड 71 से 75 रुपये है। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में धमाल मचाए हुए हैं। आईपीओ के खुलने से पहले ही ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 88 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं।

# सुधा मूर्ति 775 करोड़ की हैं मालकिन, हर साल करती हैं करोड़ों की कमाई

## ब्रिटेन के पीएम के साथ है खास रिश्ता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इन्फोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अब वह जल्द ही राज्यसभा में दिखाई देंगी। सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद इसकी जानकारी अपने एक्स अकाउंट पर दी है। पीएम मोदी ने लिखा है कि उन्हें खुशी है कि भारत की राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सुधा जी का सामाजिक कार्यों, वंचितों के लिए आर्थिक मदद और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है। जो हम सभी को प्रेरणा देता है। सुधा मूर्ति को लेखक, सोशल वर्कर और मोटिवेशनल स्पीकर के तौर पर जानी जाती है। सुधा मूर्ति के पास



भले ही करोड़ों की दौलत हो, लेकिन वह बहुत ही सीधी और सादगी भरी जिंदगी जीती हैं।

पिछले साल सोशल मीडिया पर उनकी एक फोटो काफी वायरल हुई थी। इस तस्वीर में वो जमीन पर बैठकर, मिट्टी के चूल्हे पर, मिट्टी के बर्तन में खाना बना रही है। उनकी सादगी देखकर हर कोई हैरान था। साधारण सी साड़ी पहनकर मिट्टी के बर्तन में, चूल्हे पर पोंगल बना रही सुधा मूर्ति को कई लोग पहचान भी नहीं पाए थे।

समाजसेवा में व्यस्त रहने वाली सुधा मूर्ति का मानना है कि इस समाज से उन्हें काफी कुछ मिला है, अब उसे लौटाने की बारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुधा मूर्ति के नेटवर्थ करीब 775 करोड़ के करीब है। सुधा मूर्ति की सादगी और शांत स्वभाव लोगों के लिए सीख है। वहीं उनकी सालाना कमाई 300 करोड़ रुपये बताई जाती है। सुधा ने अपना करियर एक कंप्यूटर साइंटिस्ट के तौर पर शुरू किया था। आज वो इंफोसिस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और गेट फाउंडेशन की हेल्थकेयर मेंबर हैं।

## पद्म श्री से सम्मानित

सुधा मूर्ति को 2006 में सामाजिक कार्यों के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वहीं 2023 में इन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। सुधा मूर्ति एक सर्जन आरएच कुलकर्णी और उनकी पत्नी विमला कुलकर्णी की बेटी हैं। सुधा मूर्ति के दो बच्चे अक्षता और रोहन मूर्ति हैं। इनकी बेटी अक्षता मूर्ति का विवाह ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक से हुई है।


सुधा मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं। इतनी ताकतवर महिला होने के बावजूद उनका सौम्य स्वभाव और सादगी भरा जीवन लोगों को प्रेरित करता है।

# छुट्टी के दिन सरकारी कंपनी ने किया डिविडेंड देने का ऐलान, 85 प्रतिशत का फायदा,

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड को लेकर बड़ी खबर आई है। कंपनी ने छुट्टी के दिन निवेशकों के बीच डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट को भी घोषित कर दिया है। जोकि 20 मार्च से पहले है। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों की कीमत में भी तेज उछाल देखने को मिली है। बता दें, महाशिवरात्रि की वजह से आज यानी शनिवार को बाजार बंद है। कंपनी ने शुक्रवार को एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि 8 मार्च को कंपनी के बोर्ड के सदस्यों ने डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 8.50 रुपये का दूसरा अंतरिम डिविडेंड योग्य निवेशकों को मिलेगा। यानी हर एक शेयर पर 85 प्रतिशत का फायदा होगा। बता दें, कंपनी ने डिविडेंड के लिए 18 मार्च 2024 तय किया है। गुरुवार को कंपनी के एक शेयर का भाव 630.10 रुपये प्रति शेयर था। पिछले एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरो की कीमतों में 29 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 3 महीने में स्टॉक का भाव 99.10 प्रतिशत बढ़ा है। डाटा के अनुसार कंपनी के शेयरों की कीमतों में 6 महीने के दौरान 123 प्रतिशत की उछाल देखने को मिला है। एक साल से स्टॉक को होल्ड करने वाले इनवेस्टर्स को अबतक 140 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। बता दें, दिसंबर 2023 की शेयर होल्डिंग के अनुसार में कंपनी सरकार की कुल हिस्सेदारी 56.7 प्रतिशत है।

# मूडीज ने भारत के विकास दर का अनुमान 8 फीसदी तक बढ़ाया; सबसे तेजी से बढ़ने वाला जी20 देश भी बनेगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत आने वाले दिनों में सबसे तेजी से बढ़ने वाला जी20 देश बन सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सकारात्मक संदेश देते हुए एक दिन पहले कहा था कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 8 फीसदी के करीब रह सकती है। इसके अगले ही दिन अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा, मजबूत घरेलू खपत और पूंजीगत व्यय के कारण वित्त वर्ष 2024 में भारत की जीडीपी 6.6 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 8 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान है।




## दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

मूडीज का नवीनतम अनुमान नवंबर 2023 में लगाए गए 6.6 प्रतिशत के पिछले अनुमान से लगभग 140 आधार अंक अधिक है। मूडीज के अलावा राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत, जबकि दूसरी तिमाही में जीडीपी अनुमान 7.6 प्रतिशत से 8.2 प्रतिशत रह सकता है।

## भारत जी20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था

मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा, अर्थव्यवस्था का हाल देखते हुए भारत त्न20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। देश की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि मार्च 2024 (वित्तीय वर्ष 2023-24) में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में लगभग 8 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह दर 7 प्रतिशत थी।

## मूडीज ने बताया तेजी से बढ़ने के कारण

इससे पहले मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा था कि सरकार की ओर से किए गए पूंजीगत खर्च और मजबूत विनिर्माण गतिविधि ने 2023 में मजबूत विकास परिणामों में सार्थक योगदान दिया है। इसके कारण जीडीपी के आंकड़ों में वृद्धि दिख रही है। यही कारण है कि 2024 के लिए भारत की जीडीपी के अनुमान में संशोधन किया गया है।

# आने वाला है कमाई का मौका! अगले हफ्ते खुल रहे इन कंपनियों के आईपीओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आईपीओ में निवेश करना पसंद करते हैं तो आपके लिए शानदार मौका आने वाला है। अगले सप्ताह दो कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इन आईपीओ में निवेश करके आप अच्छी कमाई कर सकते हैं। पिछले दिनों भी कई कंपनियों के आईपीओ खुले हैं। इनमें से कुछ में निवेशकों को अच्छा मुनाफा शानदार मुनाफा हुआ है। वहीं कुछ में नुकसान भी उठाना पड़ा है। अगले सप्ताह जिन कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं, उनमें पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज और क्रिस्टल इंटिग्रेटेड सर्विसेज शामिल हैं। हालांकि आप किसी भी आईपीओ में बिना जानकारी के निवेश न करें। किसी भी आईपीओ में निवेश करने से पहले एक बार अपने वित्तीय सलाहकार से बात जरूर कर लें। ऐसा नहीं करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। आईए आपको बताते हैं अगले सप्ताह खुलने जा रहे आईपीओ के बारे में।




वाहन डीलरशिप सेक्टर की कंपनी पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 12 मार्च को खुलने जा रहा है। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 280-295 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ में निवेशक 14 मार्च तक पैसा लगा सकते हैं। आईपीओ में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। एंकर निवेशक 11 मार्च को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। आईपीओ का लॉट साइज 50 इक्विटी शेयर है। पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज आईपीओ के शेयरों के आवंटन के लिए 15 मार्च को अंतिम रूप दिया जाएगा। कंपनी 18 मार्च को रिफंड शुरू करेगी। शेयरों को उसी दिन आवंटियों के डीमैट अकाउंट में जमा किया जाएगा। शेयरों के बीएसई और एनएसई पर 19 मार्च को लिस्ट होने की संभावना है। प्रमोटर्स के पास पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड की 69.45 फीसदी हिस्सेदारी है। क्रिस्टल इंटिग्रेटेड सर्विसेज का आईपीओ 14 मार्च को खुलने जा रहा है। यह आईपीओ 18 मार्च को बंद होगा। इस आईपीओ में एंकर निवेशक 13 मार्च को शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं।

# देश की सबसे सक्सेसफुल महिला एंटरप्रेन्योर, कारोबार जगत में हासिल किया बड़ा मुकाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आज हम आपको देश की ऐसी ही सक्सेसफुल महिला एंटरप्रेन्योर के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्होंने अपनी मेहनत के दम पर सफलता की नई ऊंचाईयों को छुआ है। इन महिलाओं ने लोगों के सामने एक मिसाल पेश की है। आईए आपको बताते हैं देश की ऐसी ही सबसे सक्सेसफुल महिला उद्यमियों के बारे में।

**इंद्रा नूई :** पेप्सिको की पूर्व चेयरमैन व सीईओ इंद्रा नूई (इ्रठ्रस्रद्ध ह्नशश्4द्ब) ने जब पेप्सिको को जॉइन किया, उस वक्त अमेरिका की 500 सबसे बड़ी कंपनियों में से एक में भी महिला सीईओ नहीं थी। साल 2001 में उन्हें कंपनी का सीएफओ बनाया गया था। इंद्रा नई दुनिया की बेहतरीन सीईओ में गिनी जाती हैं। नूई की लीडरशिप में पेप्सिको का रेवेन्यु साल 2006 के 35 अरब डॉलर से बढ़कर साल 2017 में 63.5 अरब डॉलर हो गया था।



**किरण मजूमदार :** बायोकॉन की फाउंडर किरण मजूमदार शॉ सफल बिजनेसवुमन है। बेंगलुरु स्थित उनकी ये कंपनी आज 32000 करोड़ की है। साल 1978 में उन्होंने 10,000 रुपये में बायोकॉन की शुरुआत की थी। 25 साल की किरण जब अपनी कंपनी के लिए लोन लेने बैंकों के पास जाती तो उन्हें ये कहकर वापस कर दिया जाता था कि आपकी गारंटी बहुत कम है। कई मुश्किलों का सामना करने के बाद कंपनी खड़ी हो पाई थी।

**वंदना लूथरा :** ब्यूटी एंड वेलनेस क्षेत्र की माहिर वंदना लूथरा देश की प्रतिष्ठित उद्योगपतियों में से एक हैं। वंदना लूथरा वीएलसीसी हेल्थ केयर लिमिटेड कंपनी की मालकिन हैं। वंदना लूथरा आज इतना बड़ा नाम यूं ही नहीं बनी हैं। इसके लिए उन्होंने जी-तोड़ मेहनत की है। वंदना लूथरा ने अपनी बचत की छोटी सी रकम से साल 1989 में दिल्ली में वीएलसीसी की शुरूआत की थी।

**राधिका अग्रवाल :** ऑनलाइन मार्केटप्लेस शॉपक्लूज की सह-संस्थापक राधिका अग्रवाल एक लोकप्रिय एंटरप्रेन्योर हैं। वह यूनिकॉर्न क्लब में प्रवेश करने वाली पहली भारतीय महिला हैं। राधिका ने साल 2011 में ऑनलाइन मार्केटप्लेस शॉपक्लूज की स्थापना की थी। वह एक सैन्य परिवार से आती हैं, जिस कारण उनकी स्कूली शिक्षा कई अलग-अलग शहरों में पूरी हुई है।

**फाल्गुनी नायर :** फाल्गुनी नायर एक बिजनेस विमेन हैं। फाल्गुनी नायर देश की सबसे अमीर महिलाओं में शामिल हो चुकी हैं। फाल्गुनी शेल्फ मेड महिला अरबपति हैं। फाल्गुनी ने विरासत में मिली किसी कंपनी या माता पिता के पैसों के बलबूते अपना ये मुकाम नहीं बनाया बल्कि उन्होंने अपनी कामयाबी की कहानी खुद लिखी है। फाल्गुनी नायर को भारतीय स्टार्टअप की क्वीन कहा जाता है। वह ह्ययड्डड्ड की संस्थापक हैं।

**रोशनी नादर :** शिव नादर की जगह उनकी बेटी रोशनी नादर को एचसीएल टेक्नॉलजी का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया था। इस पद को संभालते ही वह भारत की सबसे रईस महिला बन गई हैं। वह शिव नादर की इकलौती संतान हैं। साल 2019 में फोर्ब्स ने रोशनी नाडर को विश्व की 100 सबसे पावरफुल महिलाओं में शुमार किया था।

# इंडिगो के प्रोमोटर राकेश गंगवाल का नया धमाका, यूनिकॉर्न ज़ेटवर्क में 20 मिलियन डॉलर का निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कम किराये की एयरलाइन इंडिगो को तो जानते ही होंगे। इस कंपनी के प्रमोटर हैं राकेश गंगवाल। आईआईटी कानपुर से पढ़ाई करने वाले गंगवाल ने इत्रक यूनिकॉर्न ज़ेटवर्क में 20 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। जिस समय ज़ेटवर्क में इनवेस्टमेंट हुआ है, उस समय कंपनी का वैल्यूएशन 2.8 बिलियन डॉलर था। गंगवाल ने यह निवेश व्हीलहाउस वेंचर कैपिटल के माध्यम से करने का फैसला किया है। और इसी के साथ, वह फर्म के वित्तीय निवेशक के रूप में शामिल हो गए हैं।

ज़ेटवर्क की तरफ से यहां जारी एक बयान में बताया गया हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राकेश गंगवाल ने व्हीलहाउस वेंचर कैपिटल के माध्यम से ज़ेटवर्क में 20 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश किया है। गंगवाल, कई दशकों के अपने व्यापक अनुभव के साथ, व्यवसायों और प्रतिष्ठित ब्रांडों के निर्माण में अमूल्य अंतर्दृष्टि लाते हैं। ज़ेटवर्क को एक




पीढ़ीगत कंपनी बनाने में उनका रणनीतिक मार्गदर्शन महत्वपूर्ण होगा। इससे पहले, अगस्त 2021 में, ज़ेटवर्क ने डी1 कैपिटल पार्टनर्स से लगभग 150 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई थी। इसने कंपनी को 1.3 बिलियन के मूल्यांकन के साथ एक यूनिकॉर्न बना दिया था। ज़ेटवर्क का सबसे हालिया फंडिंग दौर मार्च 2023 में था, जब उसने एडलवाइस से लोन कैपिटल के रूप में लगभग 12 मिलियन डॉलर जुटाए थे।

## क्या है कंपनी का रेवेन्यू

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बेंगलुरु की कंपनी के परिचालन राजस्व में लगभग 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 11,449 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसी साल कंपनी के घाटे में भी 82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। अब कंपनी का कुल घाटा बढ़ कर 108.7 करोड़ रुपये हो गई है।

## क्या करती है कंपनी

ज़ेटवर्क वैश्विक एंड-टू-एंड मैन्युफैक्चरिंग सप्लाई-चेन सॉल्यूशन प्रदान करता है। यह दुनिया भर में मूल उपकरण निर्माताओं के साथ काम करता है। यह उनके अनुकूलित घटकों और असेंबली के लिए उनकी विनिर्माण आवश्यकताओं को पूरा करता है।

# अश्विनी वैष्णव बोले- पांच गुना बढ़कर 60 अरब डॉलर पहुंचेगा मोबाइल निर्यात, मिलेंगे 15 लाख रोजगार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में बने मोबाइल फोन की मांग दुनियाभर में तेजी से बढ़ रही है। आने वाले समय में भारत 50-60 अरब डॉलर तक के मूल्य का मोबाइल फोन निर्यात करेगा। यह आंकड़ा पिछले साल के 11 अरब डॉलर के मोबाइल फोन निर्यात की तुलना में पांच गुना से अधिक है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, मोबाइल फोन निर्यात बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के 15 लाख अवसर पैदा होंगे। अभी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख लोगों को रोजगार मिला है, जिनकी संख्या बढ़कर 25 लाख पहुंचने की उम्मीद है। वैष्णव ने एक कार्यक्रम में कहा, 10 साल पहले भारत 98 फीसदी मोबाइल फोन आयात करता था। अब 99 फीसदी मोबाइल फोन भारत में ही बनते हैं। इसमें मेक इन इंडिया के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र पर जोर देने के साथ मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों को प्रोत्साहन देने की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

2013 तक दुनियाभर में भारत को लेकर नकारात्मक चर्चा होती थी। हर कोई कहता था...यह नाजुक अर्थव्यवस्था है। चारों ओर अनिश्चितता है। लेकिन, आज का भारत बदल



गया है। जब आप भारत को कहीं भी देखते हैं तो हर कोई कहता है कि यह पूरी दुनिया का विकास इंजन बन गया है। -अश्विनी वैष्णव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री

## दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बना भारत

देश के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने एक दशक पहले तय किया गया लक्ष्य सफलता से पूरा कर लिया है। भारत ने इन 10 वर्षों में 4.1 लाख करोड़ रुपये के कुल 245 करोड़ मोबाइल फोन बनाए हैं।इसके साथ ही, यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बन गया है।इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के मुताबिक, यह क्षेत्र 2014 में जहां 78 फीसदी आयात पर निर्भर था, अब यह 97 फीसदी तक आत्मनिर्भर हो गया है। उस समय उद्योग ने अगले 10 वर्षों में 20 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन उत्पादन का लक्ष्य तय किया था।आज 19.45 लाख करोड़ रुपये के कुल मोबाइल उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लिया है। आईसीईए के मुताबिक, 2014-15 में भारत सिर्फ 1,556 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात करता था। 2023-24 में यह आंकड़ा 1.2 लाख करोड़ पहुंचने की उम्मीद है, जो 7,500 फीसदी वृद्धि दर्शाता है।2014-24 के दौरान मोबाइल फोन निर्यात बढ़कर 3.22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

## नीति आयोग का डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच शुरू

उधर, वैष्णव ने बृहस्पतिवार को नीति आयोग के मंच 'नीति फॉर स्टेट्स' की शुरुआत की। यह नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। साथ ही, मंत्री ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। नीति फॉर स्टेट्स मंच पर उपलब्ध सूचनाएं 10 विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं। इनमें कृषि, शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आजीविका व कौशल, विनिर्माण, एमएसएमई, पर्यटन, शहरी मामले, जल संसाधन और स्वच्छता शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

**चैम्पियनशिप लीग**

### हालैंड के गोल से मैनचेस्टर सिटी लगातार सातवीं बार क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी ने कोपेनहेगन को दूसरे चरण में 3–1 से हराकर लगातार सातवीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। तीन हफ्ते पहले मैनचेस्टर सिटी ने पहले चरण में दो गोल



की बढ़त हासिल कर ली थी। मैनचेस्टर सिटी ने पहले हाफ में 3–1 की बढ़त बना ली थी। नौ मिनट के अंदर मैनुएल अकांजी (05वां मिनट), जूलियन अल्वारेज (09) ने दो गोल कर टीम का पलड़ा भारी कर दिया था। तीसरा गोल एर्लिंग हालैंड (45+3) ने गोल किया।

**एशियन बैडमिंटन**

### भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को 35 लाख का पुरस्कार देगा बीएआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने एशियाई टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली महिला टीम को 35 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। बीएआई ने देश के लिए बैडमिंटन में उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को कुल एक



करोड़ 12 लाख का पुरस्कार देने की घोषणा की है। हांगझोऊ एशियाई खेलों का रजत जीतने वाली पुरुष टीम को 40 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। हांगझोऊ एशियाड का स्वर्ण जीतने वाली जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 12 लाख, कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय को पांच लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। एशियाड और एशियाई टीम चैंपियनशिप के सपोर्ट स्टाफ को आठ लाख का पुरस्कार मिलेगा।

**डब्ल्यूटीसी**

### विराट कोहली को ना खेलने का हुआ नुकसान, केन विलियमसन ने छोड़ा पीछे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस वक्त क्रिकेट के मैदान से दूर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले दो मैचों से उन्होंने अपना नाम वापस लिया था, लेकिन



इसके बाद वे पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारतीय टीम जिस तरह का प्रदर्शन इस सीरीज में कर रही है, उससे साफ अंदाजा हो रहा है कि वे कम से कम दो से तीन शतक मिस कर बैठे हैं। इस बीच न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने भी कोहली को पीछे करने में कामयाबी हासिल कर ली है। वे अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में विराट कोहली से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

**रोहित-शुभमन**

### शतकीय सांझेदारी

रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बीच 171 रन की पार्टनरशिप हुई। दोनों ने शतक लगाए और टीम को पहली पारी में बढ़त दिलाई। रोहित 103 रन बनाकर बेन स्टोक्स का शिकार हुए, इसी के साथ दोनों के बीच शतकीय साझेदारी टूटी।




### रोहित शर्मा ने लगाया 12वां शतक

रोहित शर्मा ने टॉम हार्टले के खिलाफ सिंगल लेकर अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 12वां शतक है। भारत में उनके नाम 10 शतक हैं, वहीं इंग्लैंड के खिलाफ यह उनकी चौथी संेचुरी रही। सीरीज में उनका दूसरा शतक रहा, उन्होंने राजकोट में 131 रन की पारी खेली थी।

### शुभमन गिल ने लगाया चौथा शतक

शुभमन गिल ने शोएब बशीर के खिलाफ चौका लगाकर अपनी संेचुरी पूरी की। यह उनके टेस्ट करियर की चौथी संेचुरी रही। भारत में उनके नाम 3 शतक हैं, वहीं इंग्लैंड के खिलाफ उनका दूसरा शतक रहा। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ पहला शतक भी इसी सीरीज में विशाखापट्टनम के मैदान पर लगाया था।

### पडिक्कल की पहली फिफ्टी

देवदत्त पडिक्कल ने शोएब बशीर के ओवर की पहली ही बॉल पर सिक्स लगा दिया।



इसी के साथ उन्होंने डेब्यू मैच में फिफ्टी भी पूरी कर ली। पडिक्कल ने सरफराज के साथ चौथे विकेट के लिए 97 रन की पार्टनरशिप भी की।

# रोहित-शुभमन का शतक

## इंग्लैंड पर कसा शिकंजा, भारत 473/8, 255 की बढ़त

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। धर्मशाला टेस्ट के दूसरे दिन टीम इंडिया ने पहली पारी में आठ विकेट पर 473 रन बना लिए। दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम 255 रन की बढ़त बना ली है। जसप्रीत बुमराह 19 और कुलदीप यादव 27 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।




मैच के दूसरे दिन रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने तूफानी बल्लेबाजी कर मेहमानों की बखिया उधेड़ दी है। रोहित ने कप्तानी पारी खेलते हुए इस दौरान टेस्ट करियर का 12वां तो शुभमन गिल ने चौथा शतक जड़ा। यह इन दोनों ही खिलाड़ियों का इस सीरीज का दूसरा शतक है। लंच ब्रेक तक भारत ने इंग्लैंड के 218 रनों के सामने पहली पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया के पास 46 रनों की बढ़त है। गिल 101 तो रोहित 102 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत 1 विकेट के नुकसान पर 135 रनों से की थी।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय

- 9- रोहित शर्मा
- 3- अजिंक्य रहाणे
- 3-शुभमन गिल
- 4-विराट कोहली
- 3- केएल राहुल
- 3- यशस्वी जयसवाल
- 4 -मयंक अग्रवाल
- 3-ऋषभ पंत
- 3-रविंद्र जड़ेजा

### रोहित शर्मा ने की राहुल द्रविड़ की बराबरी

रोहित शर्मा इस टेस्ट शतक के साथ भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा संेचुरी लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ की बराबरी की है।

दोनों के नाम भारत के लिए 48-48 शतक दर्ज है। इस सूची में विराट कोहली 80 शतकों के साथ दूसरे और सचिन तेंदुलकर 100 शतकों के साथ पहले पायदान पर हैं।

### एशियाई खिलाड़ियों द्वारा सर्वाधिक शतक

- 50 - सचिन तेंदुलकर
- 27 - महेला जयवर्धने
- 21- कुमार संगकारा
- 19 - वीरेंद्र सहवाग
- 41-विराट कोहली
- 25 - रोहित शर्मा
- 19 - राहुल द्रविड़

### रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट में जड़ा शतक तो कभी नहीं हारा भारत

रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का यह 12वां शतक है। रोहित शर्मा के शतक के साथ यह बात तो सुनिश्चित हो गई है कि भारत यह मैच नहीं हारेगा। दरअसल, रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़ा है तब-तब भारत को हार का मुंह नहीं देखने को मिला है। धर्मशाला टेस्ट में भी यही उम्मीद रहेगी।




**ऑस्ट्रेलिया वर्सेस न्यूजीलेंड**

## जोश हेजलवुड ने बरपाया कहर

### न्यूजीलैंड की पारी 162 रन पर सिमटी

क्राइस्टचर्च, एजेंसी। क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट के पहले दिन 8 मार्च को ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में 162 रन पर आउट करके पकड़ बना ली। जोश हेजलवुड ने कहर बरपाया और कीवी टीम 46 ओवर के भीतर पवेलियन लौट गई। मेजबान टीम का कोई बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं जमा सका। 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे है। अब दूसरे टेस्ट में भी उसने पकड़ बना ली है।

न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन ओपनर टॉम लैथम ने 38 रन बनाए। इसके अलावा मैट हेनरी ने 29 और कप्तान टिम साउदी ने 26 रन बनाए। टॉम ब्लंडेल ने 22 रन बनाए। साउदी का



यह 100वां टेस्ट मैच है। इसके अलावा केन विलियमसन का भी यह 100वां टेस्ट है। वह इस पारी में कुछ खास नहीं कर पाए और 17 रन बनाकर आउट हो गए। विलियसमसन के आउट होने के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 84 रन पर 5 विकेट हो गया।

### हेजलवुड ने 5 विकेट लिए

चोटिल डेवोन कॉन्वे की जगह खेल रहे विल यंग ने 14 रन बनाए। इसके अलावा रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल 4-4 रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने 2 और स्कॉट कुग्लिन ने खाता नहीं खोला। डेब्यूटेंट बेन सीयर्स बगैर खाता खोले नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए।

**वूशु : आयरा और अंसा ने मॉस्को स्टार वूशु में एक साथ स्वर्ण जीते**

# कश्मीरी जुड़वां बहनों ने रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयरा और अंशा पहली ऐसी जुड़वां बहनें बनी हैं, जिन्होंने एक साथ किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण जीते। आयरा तो जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली कश्मीरी बेटी भी हैं।

श्रीनगर की आयरा और अंसा चिश्ती जुड़वां बहनें हैं। दोनों की पसंद और नापसंद भी एकसमान है और अब दोनों ने एक साथ मास्को स्टार वूशु टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक भी जीता। आयरा को एक नजर में मार्शल आर्ट वूशु पसंद आया तो अंसा ने भी थोड़ी हिचकिचाहट के बाद इसे अपना लिया। पिता इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और मां मेडिकल कॉलेज में




फिजियोलॉजी की प्रोफेसर हैं। दोनों ने जब वूशु को अपनाया तो माता-पिता को ताने सुनने पड़े। कहा गया, लड़कियां हैं, इन्हें नहीं खेलना चाहिए, चोट लग गई तो चेहरा खराब हो जाएगा, इनसे शादी कौन करेगा, लेकिन माता-पिता ने किसी की नहीं सुनीं। वही बेटियां कश्मीर की पहली ऐसी जुड़वां बहनें बनी हैं, जिन्होंने एक साथ किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण जीते। आयरा तो जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली कश्मीरी बेटी भी हैं।

### स्वर्ण और बोर्ड परीक्षा की एक साथ तैयारी

आयरा अमर उजाला को बताती हैं कि उनके माता–पिता ने उन्हें वूशु में इसलिए आगे बढ़ाया, क्यों कि वे चाहते हैं कि हम दोनों कुछ अलग करें। आयरा और अंसा ने मास्को में 52 और 56 भार वर्ग में स्वर्ण जीता। दोनों बुधवार को भारत लौटी हैं और अब अगली परीक्षा की तैयारी में जुट गई हैं। दोनों के पास बायोलॉजी है और शनिवार को उनकी बोर्ड की परीक्षा भी है।

**न्यूज़ीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट के बाद**

## संन्यास लेंगे अंपायर मरायस इरास्मस

**क्राइस्टचर्च , एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी अंपायर मरायस इरास्मस ने आईसीसी एलीट पैनल के अंपायरों से अपने संन्यास की घोषणा की है। उनका दो दशकों से अधिक का शानदार करियर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के दौरान उनकी अंतिम अंपायरिंग ड्यूटी के साथ समाप्त होगा।




क्राइस्टचर्च टेस्ट अंपायर के रूप में इरास्मस का 82वां पुरुष टेस्ट मैच होगा, जिससे वह अधिकांश टेस्ट मैचों में अंपायरिंग करने वाले अंपायरों की सूची में 10वें स्थान पर आ जाएंगे। इरास्मस ने 124 पुरुष वनडे, 43 पुरुष टी20 मैच और 18 महिला टी20 मैच में भी अंपायरिंग की। उन्होंने 131 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में टीवी अंपायर के रूप में भी काम किया है। चार पुरुष क्रिकेट विश्व कप (2011, 2015, 2019, 2023) और सात पुरुष टी20 विश्व कप (2009, 2010, 2012, 2014, 2016, 2021 और 2022) सहित कई प्रतिष्ठित क्रिकेट आयोजनों में अंपायरिंग के उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड के साथ और आईसीसी के अनुसार, 2013 और 2017 में दो पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के अलावा तीन महिला टी20 विश्व कप (2010, 2012, 2014) शामिल हैं। इरास्मस 25 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप मैचों, 33 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मैचों, 18 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप मैचों और छह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलों में ऑन-फील्ड अंपायर थे।

**अफगानिस्तान वर्सेस ऑयरलेंड**

## गुरबाज ने की बाबर आजम की बराबरी

### सचिन तेंदुलकर का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी खतरे में काबुल

एजेंसी। अफगानिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने एक खास मामले में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की बराबरी कर ली है और साथ ही उनकी धांसू फॉर्म को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि सचिन तेंदुलकर का भी एक वर्ल्ड रिकॉर्ड खतरे में पड़ चुका है। अफगानिस्तान वर्सेस आयरलैंड तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे इंटरनेशनल मैच शारजहा क्रिकेट स्टेडियम में 7 मार्च को खेला गया, जिसमें गुरबाज के बल्ले से 121 रनों की दमदार पारी निकली। गुरबाज ने 117 गेंदों पर आठ चौके और छह छक्कों की मदद से ये रन बनाए।

वनडे इंटरनेशनल में यह गुरबाज का छठा शतक था। 23 साल के होने से पहले सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में गुरबाज चौथे नंबर पर आ गए हैं। गुरबाज ने श्रीलंका के उपुल थरंगा और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की बराबरी कर ली है।



### सचिन से आगे निकले यशस्वी, इंग्लैंड के खिलाफ ठोक दिए 26 छक्के

मैच की बात करें तो अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में पांच विकेट पर 310 रन बनाए, जवाब में आयरलैंड की टीम 50 ओवर में आठ विकेट पर 275 रन ही बना पाई और इस तरह से अफगानिस्तान ने 35 रनों से मैच जीतकर सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। गुरबाज के अलावा सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जदरान ने भी 60 रनों की पारी खेली। वहीं कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने 33 गेंदों पर नॉटआउट 50 रन ठोके।



# मीरा-रक्षित की शादी का साक्षी बनेगा राजस्थान

तमिल फिल्म अंबे आरुयिरे से अपने करियर की शुरुआत करने वालीं अभिनेत्री मीरा चोपड़ा ने बॉलीवुड में भी अपनी छाप छोड़ चुकी हैं। मीरा को हिंदी फिल्मों 1920 लंदन, सफेद, सेक्शन 375 और गैंग ऑफ घोस्ट्स में देखा जा चुका है।

मीरा चोपड़ा, ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा की चचेरी बहन हैं। हालांकि, अभिनेत्री वर्तमान में अपने निजी जीवन में व्यस्त है क्योंकि वह अपने सपनों के राजकुमार रक्षित केजरीवाल के साथ शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में, मीरा चोपड़ा की शादी के निमंत्रण की कुछ झलकियां वायरल हुईं, जिन्हें देखकर साफ हुआ कि उनका शादी समारोह बेहद भव्य होने वाला है। अभिनेत्री मीरा चोपड़ा 12 मार्च को अपने प्रेमी रक्षित केजरीवाल के साथ शादी के बंधन में बंधने की तैयारी कर रही हैं। इसी बीच उनकी शादी के निमंत्रण कार्ड की एक झलक सामने आई है, जिसमें उनकी शादी के बारे में रोमांचक विवरण सामने आए हैं। फूलों के डिजाइनों से सुसज्जित निमंत्रण, एक राजसी आकर्षण का अनुभव कराता है, जो मेहमानों को मीरा और उनके प्रेमी, रक्षित के मिलन का गवाह बनने के लिए आमंत्रित करता है। 12 मार्च को उनकी शादी की तारीख की घोषणा करने के साथ-साथ, निमंत्रण में जोड़े की शादी से पहले की रस्मों के बारे में भी जानकारी साझा की गई है, जिसमें प्यार और खुशी से भरे उत्सव का वादा किया गया है क्योंकि वे अपने जीवन के इस नए अध्याय को एक साथ शुरू करेंगे। निमंत्रण के अनुसार, मीरा चोपड़ा और वंदना और हरि कुमार केजरीवाल के बेटे रक्षित, राजस्थान के जयपुर में एक डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले हैं।

शादी समारोह शानदार ब्यूना विस्टा लक्जरी गार्डन स्पा रिजॉर्ट में सम्पन्न होगा, जो राजस्थान की जीवंत छटाओं और सांस्कृतिक समृद्धि के बीच एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करेगा। मेहंदी समारोह 11 मार्च 2024 को शाम 5 बजे शुरू होगा। मेहंदी समारोह के बाद, जोड़ा उसी दिन अपने मेहमानों के आनंद के लिए शाम 7 बजे से एक संगीत और कॉकटेल कार्यक्रम की मेजबानी करेगा।

22 साल बाद

# निर्देशन में लौट रहे हैं अनुपम तन्वी द ग्रेट का करेंगे निर्देशन

करीब 4 दशक से दर्शकों के दिलों पर राज कर रहे दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर गुरुवार ( 7 मार्च ) को अपना जन्मदिन मनाया। अनुपम 69 साल के हो गए हैं। उनके फैंस और फिल्म इंडस्ट्री के लोग उन्हें जमकर बधाइयां और शुभकामनाएं दे रहे हैं। अनुपम ने भी अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें अनुपम ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर घोषणा की है। शूटिंग 8 मार्च को महाशिवरात्रि के मौके पर शुरू की जाएगी।



वीडियो में अनुपम अपनी मां से आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, आज अपने जन्मदिन पर, मैं गर्व से उस फिल्म के नाम ( तन्वी द ग्रेट ) की घोषणा करता हूं जिसे मैंने निर्देशित करने का फैसला किया है। कुछ कहानियां अपना रास्ता खोज लेती हैं और आपको इसे दुनिया के साथ शेयर करने के लिए मजबूर कर देती हैं! और शुरुआत करने का सबसे अच्छा तरीका जो मैंने सोचा वह यह है कि मैं अपनी मां दुलारी के मंदिर जाऊं और उनका आशीर्वाद लूं और अपने पिता की तस्वीर का भी आशीर्वाद लूं। मैं पिछले कुछ सालों से जुनून, साहस, मासूमियत और खुशी की इस संगीतमय कहानी पर काम कर रहा हूं। और आखिरकार, शूटिंग कल महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर शुरू होगी। जन्मदिन खुद को चुनौती देने का सबसे अच्छा दिन है! कृपया मुझे अपना प्यार, शुभकामनाएं और आशीर्वाद भेजें! ओम नमः शिवाय!





# गायक शान रेडियो नशा के लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ोर टीनशोर सीज़न 7 को होस्ट करेंगे

बॉलीवुड के प्रशंसित पार्श्व गायक शान फीवर नेटवर्क द्वारा संचालित एक लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ॉर किशोर के बहुप्रतीक्षित सातवें सीज़न के मेजबान के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं, जो श्रोताओं को स्वर्ण युग का जश्न मनाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली प्रोग्रामिंग की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता है। भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार किशोर कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपने करिश्माई व्यक्तित्व और संगीत उद्योग में व्यापक अनुभव के साथ, शान महान पार्श्व गायक किशोर कुमार को समर्पित प्रिय श्रद्धांजलि श्रृंखला में एक नया दृष्टिकोण लाने के लिए तैयार हैं।

किशोर कुमार, जिन्हें अक्सर भारत के महानतम मनोरंजनकर्ता के रूप में जाना जाता है, ने अपनी विशिष्ट आवाज़ और अद्वितीय प्रतिभा से संगीत उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ी। अपने शानदार करियर के दौरान, किशोर कुमार ने रोमांटिक गीतों से लेकर जोशीले गानों तक, कई शैलियों में अपने भावनात्मक प्रदर्शन और अविस्मरणीय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। और यह तथ्य तो सभी जानते हैं कि शान ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के कारण दशकों तक अपनी मधुर आवाज और गतिशील मंच उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है।


व्यक्तिगत स्तर पर श्रोताओं से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें उस शो का नेतृत्व करने के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है, जो किशोर कुमार के शाश्वत संगीत और पुरानी यादों का जश्न मनाता है।

क्रेज़ी फ़ॉर किशोर किशोर कुमार के प्रतिष्ठित गीतों को प्रदर्शित करके और भारतीय संगीत पर उनके प्रभाव को उजागर करके उन्हें श्रद्धांजलि देता है। शो के प्रत्येक एपिसोड में किशोर कुमार के अनसुने उदाहरणों, गीतों, सामान्य ज्ञान और उनकी यादों की प्रस्तुति दी जाती है। शान के नेतृत्व में, क्रेज़ी फ़ॉर किशोर सीज़न 7 एक अविस्मरणीय संगीत अनुभव प्रदान करने का वादा करता है जो एक नए और रोमांचक तरीके से दर्शकों को आकर्षित करते हुए किशोर कुमार की विरासत का सम्मान करता है।

# सेल्फी के बहाने फैन ने की काजल को छूने की कोशिश

साउथ इंडियन एक्ट्रेस काजल अग्रवाल बॉलीवुड में भी काफी लोकप्रिय हैं। उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेकरार रहते हैं। काजल ने बुधवार ( 6 मार्च ) को हैदराबाद में एक फैशन इवेंट में भाग लिया, जहां वह उपस्थित लोगों में से एक के अप्रिय व्यवहार के बाद काफी परेशान दिखीं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि एक फैन सेल्फी के लिए काजल के पास आता है और फोटो क्लिक करते समय उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है। इस फैशन इवेंट में काजल ने नौवारी स्टाइल में डिजाइनर मैरून साड़ी पहनी थी, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही थीं। वहां मौजूद सभी फैन की नजरें काजल के ग्लैमरस लुक पर टिकी हुई थीं। कार्यक्रम में जैसे ही काजल फैंस के साथ बातचीत कर रही थीं, तभी एक शख्स तेजी से उनके पास आया और तस्वीर खींचने की कोशिश की। कुछ ही सैकंड में वह हाथ काजल की कमर की ओर ले जाते दिखा। भीड़ में जब काजल असहज हो गईं और कुछ बोलीं तो वह शख्स तेजी से बाहर की ओर चला गया। हाल ही में एक्ट्रेस विद्या बालन को भी पंकज उधास के अंतिम संस्कार में कुछ ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था।

# जैकलीन के अपार्टमेंट में लगी आग




बुधवार की रात (6 मार्च) को बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की बिल्डिंग में आग लग गई जिससे हर तरफ हड़कंप मच गया। सीना की बिल्डिंग में आग लगने का वीडियो सामने आया है जिसमें आप देख सकते हैं कि किस तरह आग की चपेट में पूरा फ्लोर आ गया है।

लोग हैरान-परेशान हो गए और उनकी सलामती के बारे में पूछने लगे। गनीमत यह है कि आग एक्ट्रेस के फ्लोर पर नहीं लगी और वह बिल्कुल सुरक्षित है .नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात यहां के आलीशान पाली हिल इलाके में एक 17 मंजिला इमारत की 14वीं मंजिल पर आग लग गई। उन्होंने कहा कि कोई भी घायल नहीं हुआ और डेढ़ घंटे से अधिक की कोशिश के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

अधिकारी ने कहा, रात करीब आठ बजे नरगिस दत्त रोड पर नवरोज हिल सोसायटी की 14वीं मंजिल पर आग लग गई। कम से कम चार दमकल गाड़ियों और फायर ब्रिगेड वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया और रात करीब 9.35 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

आग एक कमरे में रखे घरेलू सामान और लकड़ी के फर्नीचर तक ही सीमित थी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# लेखा पर घर तोड़ने का आरोप लगने से नाराज हुए इमरान




आमिर खान के भांजे इमरान खान लंबे समय से अभिनय की दुनिया से दूर हैं। बीते कुछ समय से इमरान फिर से फिल्मों में वापसी के लिए संघर्षरत हैं। वे पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट शेयर कर अपनी पुरानी फिल्मों को याद कर रहे हैं। साथ ही संकेत भी मिल रहे हैं कि वे जल्द ही किसी न किसी फिल्म में नजर आएंगे। फैंस भी उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। इमरान जनवरी में अपनी ममेरी बहन आयरा खान की शादी में गर्लफ्रेंड लेखा वाशिंगटन के साथ नजर आए थे। इमरान पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इमरान ने अवंतिका मलिक के साथ शादी की थी मगर अब ये कपल अलग हो चुका है। इमरान और अवंतिका के अलग होने की पहली खबर साल 2019 में आई थी। अब इमरान ने एक इंटरव्यू में कंफर्म कर दिया कि अलग होने की खबरें सच थीं।

इमरान ने वोग इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि लेखा के साथ जो मेरे रिलेशनशिप की खबरें आ रही हैं वो सच हैं। मेरा फरवरी 2019 में तलाक हो गया था। लोग लेखा पर मेरा घर तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं जिससे मुझे गुस्सा आता है। लेखा और मैं लॉकडाउन में करीब आए। अवंतिका से अलग होने के डेढ़ साल बाद और लगभग एक साल बाद जब वह अपने पार्टनर से अलग हुई थी, पति से नहीं, जैसा कि हर जगह कहा जा रहा है।

# महाशिवरात्रि पर तमन्ना ने प्रशंसकों को दिया तोहफा

## साझा किया ओडेला 2 का फर्स्ट लुक


महाशिवरात्रि और महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म ओडेला 2 का फर्स्ट लुक फैंस के साथ साझा किया है। इसी महीने से अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू की है। 1 मार्च को तमन्ना भाटिया ने अपनी इस नई फिल्म की शूटिंग शुरू की। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा की गई। ओडेला 2, क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी।




ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी। तमन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। इसमें वह हाथ में डमरू, मस्तक पर तिलक लगाए महादेव की भक्ति में लीन दिख रही हैं। इसके साथ तमन्ना ने कैप्शन लिखा है, मुझे महा शिवरात्रि के इस शुभ दिन पर अपनी फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर की झलक साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हर हर महादेव! शुभ महा शिवरात्रि। अभिनेत्री की आगामी फिल्म की पहली झलक देख यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, हर हर महादेव! आपको नई फिल्म के लिए ढेरों बधाई। एक अन्य यूजर ने लिखा, पहली झलक काफी दमदार है। फिल्म और भी दमदार होगी, इंतजार है। एक यूजर ने लिखा, शानदर लुक! जबर्दस्त फिल्म।

# माथे पर बिंदी.. रेड एंड पर्पल साड़ी.. साउथ इंडियन ब्यूटी बन जाह्नवी ने चुराया दिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर फिल्मों के साथ-साथ अपने फैशन सेंस को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर किए हैं। इन तस्वीरों में धड़क गर्ल का साउथ इंडियन लुक देखने को मिल रहा है।







तस्वीरों में जाह्नवी रेड एंड पर्पल साड़ी में बला की खूबसूरत दिख रही हैं। उन्होंने अपनी साड़ी को ओरेंज कलर के ब्लाउज के साथ टीमअप किया है।

इसके साथ ही उन्होंने पर्पल लहंगा पेयर किया है। उन्होंने न्यूड मेकअप किया है, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। माथे पर बिंदी, सोने के ईयरिंग्स, ब्राउन लिपस्टिक जाह्नवी के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। हेयरस्टाइल की बात करें तो जाह्नवी ने बालों को हाफ बांध रखा है जिस पर बैंगनी कलर का फूल लगाया है। पार्क में बैठ जाह्नवी स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर कर जाह्नवी ने बर्थडे विश के लिए लोगों को शुक्रिया कहा है। जाह्नवी ने लिखा-जन्मदिन के प्यार के लिए धन्यवाद?।



सरप्राइजिंग होगा हर किरदार

# पहली से कहीं ज्यादा बड़ी होगी पुष्पा-2,

दक्षिण भारत के सुपर सितारे अल्लू अर्जुन के करियर में वर्ष 2021 में प्रदर्शित हुई लेखक निर्देशक सुकुमार की पुष्पा ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस फिल्म की अप्रत्याशित पैन इंडिया सफलता ने अल्लू अर्जुन को राष्ट्रीय सितारे की हैसियत प्रदान की।

इस फिल्म का फीवर दर्शकों के सिर चढ़कर बोला था और इसी के साथ 'पुष्पा' ने देश और दुनिया में रिकॉर्ड तोड़ कमाई भी की थी। वहीं दर्शकों को अब 'पुष्पा 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना ने मुख्य नायिका की भूमिका निभाई थी, जो पुष्पा-2 में भी हैं। हाल ही में उन्होंने एक साक्षात्कार में पुष्पा-2 को लेकर बातचीत की थी।

रिपोर्ट के मुताबिक रश्मिका ने 'पुष्पा 2' बारे में बात की और वादा किया कि सुकुमार निर्देशित फिल्म पहले से कहीं ज्यादा बड़ी होगी। रश्मिका ने कहा, यह बहुत अच्छी चल रही है। हमें फिल्म बनाने में लगभग 50 से ज्यादा दिन हो चुके हैं और अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है, लेकिन जैसा कि मैं हमेशा अपने दर्शकों से वादा करती रहती हूं कि यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी होने वाली है। इसमें बहुत मेहनत की गई है और डिटेल्स पर काफी ध्यान दिया गया है।

हर किरदार पर बहुत ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है और यह सरप्राइजिंग है। वैसे इससे पहले भी रश्मिका ने 'पुष्पा 2' पर अपडेट शेयर किया था। पिंकविला को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि उन्होंने पुष्पा 2 के लिए एक गाने की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने कहा था, हमने पहली फिल्म में कुछ पागलपन दिखाया, पार्ट 2 में, हम जानते हैं कि हमारी एक ज़िम्मेदारी है क्योंकि लोगों को फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं।